● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 190, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 22 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



भारत-जापान साझेदारी महत्वपूर्ण : राजनाथ 5

टेस्ट क्रिकेट से भी होगी केएल राहुल की छुट्टी! 6

# मप्र के प्रत्येक जिले में इन्वेस्टमेंट फैसिलिटेशन सेंटर होंगे स्थापित : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने ग्वालियर में 28 अगस्त को हो रही रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारी की जानकारी लेकर दिए निर्देश

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में इन्वेस्टमेंट फैसिलिटेशन सेंटर स्थापित होंगे, जिसके नोडल अधिकारी जिले के कलेक्टर रहेंगे। इससे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में संपन्न उच्च स्तरीय बैठक में ग्वालियर में आगामी 28 अगस्त को होने वाली रीजनल बिजनेस कॉन्क्लेव की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक के साथ ही वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से विभिन्न क्षेत्र में निवेश के लिए कांक्लेव के सत्रों के आयोजन के बारे में चर्चा की। कॉन्क्लेव में लगभग 2500 प्रतिनिधि शामिल होंगे। नीदरलैंड, घाना, कनाडा, मेक्सिको सहित अन्य देशों के प्रतिभागी भी आएंगे। कॉन्क्लेव के दौरान औद्योगिक इकाइयों के लिए भूमि आवंटन का कार्य भी होगा। बैठक में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री संजय कुमार शुक्ला सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पर्यटन, खाद्य प्र-संस्करण और आईटी के क्षेत्र में संभावनाओं के पूर्ण दोहन के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कॉन्क्लेव में निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए भरपूर प्रयास किए जाएं। स्थानीय एवं बाहरी निवेशक दोनों का स्वागत करें। स्थानीय उद्योगपतियों की भी समस्याओं को जानकर उन्हें आवश्यक सहयोग करें। सभी कलेक्टर्स अपने जिलों में उपलब्ध ऐसी भूमि की जानकारी रखें जहां उद्योगों की स्थापना हो सकती है। प्रत्येक जिले में कलेक्टर उद्योगपतियों से निरंतर संवाद बनाएँ रखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक जिले में लघु और कुटीर उद्योगों के सहायता समूह की गतिविधियों के कार्यों को बढ़ाया जाए। हैंडलूम और उद्यानिकी में भी कार्य हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कलेक्टर्स प्रभारी मंत्रियों से भी चर्चा करें और नियमित संवाद रखें। ग्वालियर और चंबल संभाग में उद्योगों की स्थापना का अच्छा वातावरण बनाया जाए। सभी निवेश प्रस्तावों पर मंथन कर समन्वय से उन्हें क्रियान्वित करने पर फोकस किया जाए। बैठक में प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग श्री राघवेंद्र कुमार सिंह ने प्रेजेंटेशन दिया।

वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट, राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत, नवीन एवं नवकरणीय मंत्री श्री राकेश शुक्ला शामिल हुए।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पोलैंड पहुंचे

## होटल के बाहर स्वागत के लिए भारतीय समुदाय के लोग जुटे, भारत माता की जय के नारे लगाए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 दिन के दौरे पर पोलैंड पहुंच गए हैं। जिस होटल में ठहरेंगे, उसके बाहर भारतीय समुदाय के लोग जमा हो गए हैं। वे पीएम के इंतजार में भारत माता की जय के नारे लगाते नजर आए।



यह 45 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली पोलैंड यात्रा है। इससे पहले 1979 में मोरारजी देसाई वहां गए थे। भारत से रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं पोलैंड और यूक्रेन की आधिकारिक यात्रा पर जा रहा हूं। पोलैंड के साथ राजनयिक संबंधों के 70 साल पूरा होने के मौके पर मेरी यह यात्रा हो रही है। पोलैंड मध्य यूरोप का हमारा आर्थिक साझेदार है।

पोलैंड के बाद पीएम मोदी 23 अगस्त को ट्रेन से यूक्रेन पहुंचेंगे। इस यात्रा पर उन्होंने कहा कि वह शांति से जंग के समाधान पर राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ अपने विचार साझा करने के लिए उत्सुक हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक पीएम मोदी 21-22 अगस्त तक पोलैंड के दौरे पर रहेंगे। इसके बाद वे ट्रेन से यूक्रेन के लिए रवाना होंगे।

पोलैंड यात्रा के बाद मोदी 23 अगस्त को यूक्रेन जाएंगे। वे पोलैंड से 10 घंटे की ट्रेन यात्रा कर यूक्रेन जाएंगे। रूस-यूक्रेन जंग के बीच उनका यह दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कुछ महीने पहले मोदी को यूक्रेन आने का न्योता दिया था।

यूक्रेन 1991 में अलग देश बना था। उसके बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने वहां की यात्रा नहीं की है। इससे पहले पीएम मोदी 8 और 9 जुलाई को रूस के दौरे पर भी गए थे। पीएम मोदी का ये दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब यूक्रेन ने कुछ दिनों से रूस की सीमा में घुसकर हमले शुरू कर दिए हैं। यूक्रेन ने रूस के कुछ इलाके को अपने कब्जे में ले लिया है। इसके बाद से आशंका जताई जा रही है कि रूस, यूक्रेन पर जल्द बड़ा हमला कर सकता है। मोदी की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों की स्थापना के 70 साल भी पूरे हो रहे हैं। सबसे पहले पीएम मोदी का पोलैंड की राजधानी वारसॉ में स्वागत होगा। इसके बाद वे पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज सेबेस्टियन डूडा से मुलाकात करेंगे और फिर प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ द्विपक्षीय बैठक में शामिल होंगे।

# चंद्रयान 4 और 5 का डिजाइन तैयार : इसरो चीफ

## बोले- 5 साल में 70 सैटेलाइट लॉन्चिंग की संभावना, सरकार से मंजूरी लेने की प्रक्रिया जारी

**नई दिल्ली।** चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब इसरो चंद्रयान 4 और 5 की तैयारी कर रहा है। इसरो प्रमुख डॉ. एस. सोमनाथ ने मंगलवार (20 अगस्त) को कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी ने अगले चरण के मून मिशन के लिए डिजाइन तैयार कर लिया है। इसके लिए सरकार से मंजूरी लेने की प्रक्रिया चल रही है। इसमें चंद्रयान-4 मिशन में चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग के बाद चंद्रमा के पत्थरों और मिट्टी को पृथ्वी पर लाना, चंद्रमा से एक अंतरिक्ष यान को लॉन्च करना, चंद्रमा की कक्षा में अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग का प्रदर्शन करना और नमूनों को पृथ्वी पर वापस लाना शामिल है। सोमनाथ ने यह भी बताया कि इसरो की आगामी 5 सालों में 70 सैटेलाइट लॉन्च करने की योजना है। उन्होंने ये जानकारी अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और भारतीय अंतरिक्ष संघ के आयोजित कार्यक्रम में दी। सोमनाथ ने कहा कि हमारे पास चंद्रमा पर जाने के लिए कई मिशन हैं। चंद्रयान-3 का काम पूरा हो चुका है। अब चंद्रयान 4 और 5 का डिजाइन तैयार हो चुका है और हम सरकार से मंजूरी मांग रहे हैं। हम अगले पांच सालों में 70 उपग्रहों को लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं। इसमें सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लो अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट का ग्रुप शामिल है। इन 70 उपग्रहों में पोजिशनिंग, नेविगेशन और समय सेवा प्रदान करने के लिए नाविक क्षेत्रीय नेविगेशन सिस्टम के लिए चार, इनसैट 4डी मौसम उपग्रह, सैटेलाइट की रिसोर्ससैट सीरीज, रिमोट सेंसिंग और हाई रिजॉल्यूशन इमेजिंग के लिए कार्टोसैट सैटेलाइट शामिल हैं।

# पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर 29 अगस्त तक रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में आज बुधवार (21 अगस्त) को पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने 29 अगस्त तक पूजा की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। इससे पहले सुनवाई में कोर्ट ने दिल्ली पुलिस और पीएससी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था।

सुनवाई में जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा था कि निचली अदालत पूजा पर लगे आरोपों में उलझ गई और याचिका पर सही ढंग से विचार नहीं किया।

# राहुल-खड़गे का जम्मू-कश्मीर दौरा टला, अब आज जाएंगे

## विधानसभा चुनाव में गठबंधन पर चर्चा हो सकती है, एनसी-पीडीपी नेताओं से मुलाकात संभव

**श्रीनगर।** लोकसभा में लीडर ऑफ अपोजिशन राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जम्मू-कश्मीर दौरा टल गया है। राहुल और खड़गे बुधवार (21 अगस्त) से 2 दिनों के लिए जम्मू-कश्मीर जाने वाले थे। अब वह कल जाएंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि राहुल और खड़गे आगामी विधानसभा चुनावी तैयारी की बैठक के लिए जम्मू और श्रीनगर में रहेंगे। इस दौरे में राहुल गांधी और खड़गे चुनाव से पहले गठबंधन के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुखों से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला से मुलाकात कर सीट बंटवारे के फार्मूले पर चर्चा हो सकती है।



जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर फारूक अब्दुल्ला ने 7 अगस्त को कहा कि किसी भी राजनीतिक दल के साथ चुनाव से पहले गठबंधन नहीं होगा। पार्टी को अपने दम पर जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों पर बहुमत मिलने का भरोसा है। लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस पार्टी इंडिया ब्लॉक का हिस्सा थी। इस दौरान जम्मू संभाग की 2 सीटें और लद्दाख की एकमात्र सीट कांग्रेस को दी गई। वहीं कश्मीर की 3 सीटें नेशनल कॉन्फ्रेंस को दी गई थीं। इस चुनाव में कांग्रेस जम्मू संभाग में दोनों सीटें बीजेपी से हार गई, जबकि लद्दाख सीट पर नेशनल कांफ्रेंस के बागी ने जीत हासिल की।

# आंध्र प्रदेश की फैक्ट्री में धमाका, 4 की मौत, 18 घायल

**अनाकापल्ले जिले की फार्मा कंपनी में रिएक्टर फटा**

**मुंबई।** आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ले जिले की फैक्ट्री में बुधवार को धमाका हो गया। हादसे में 4 वर्कर्स की मौत हो गई और 18 से अधिक घायल हो गए। घटना अच्युतापुरम स्थित की फार्मा कंपनी एस्किएंटिया के प्लांट की है। घायलों को इलाज के लिए एनटीआर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब धमाका हुआ तब लंच टाइम चल रहा था और ज्यादातर वर्कर्स बाहर थे।

# स्टारबक्स के नए सीईओ प्राइवेट जेट से ऑफिस आएंगे-जाएंगे

**वॉशिंगटन।** स्टारबक्स के नए CEO ब्रायन निकोल अपने नए ऑफिस में रोजाना आने-जाने के लिए 1,600 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। एम्प्लॉयमेंट एग्रीमेंट (ऑफर लेटर?) के अनुसार कैलिफोर्निया में रहने वाले निकोल हर दिन सिएटल में स्टारबक्स के हेडक्वार्टर कॉर्पोरेट जेट से जाएंगे और आएंगे।



निकोल को 1.6 मिलियन डॉलर की एनुअल बेस सैलरी मिलेगी। इसके अलावा, वह अपने परफॉर्मेंस के आधार पर 3.6 मिलियन डॉलर से 7.2 मिलियन डॉलर तक के कैश बोनस के लिए पात्र हैं। उनके पास 23 मिलियन डॉलर तक एनुअल इक्विटी अवॉर्ड अर्न करने का भी मौका है।

निकोल के लिए इस तरह की व्यवस्था के पीछे के कारण स्टारबक्स के हालिया प्रदर्शन से जुड़े हैं। वर्तमान CEO लक्ष्मण नरसिम्हन के नेतृत्व में कंपनी के सबसे बड़े बाजारों, अमेरिका और चीन में बिक्री में इस साल गिरावट आई है। 2022 में लक्ष्मण ने स्टारबक्स जॉइन किया था।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस, सीआईएसएफ ने अस्पताल की सुरक्षा संभाली

## कॉलेज का पूर्व अधिकारी हाईकोर्ट पहुंचा, पूर्व प्रिंसिपल के खिलाफ ईडी जांच की मांग की

**कोलकाता/नई दिल्ली।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर की रेप और मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आरजी कर मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा सीआईएसएफ ने अपने हाथ में ले ली है। सीआईएसएफ के अधिकारी बुधवार को अस्पताल पहुंचे और यहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व डिप्टी सुपरिनटैंडेंट अख्तर अली ने आज कलकत्ता हाईकोर्ट में पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ याचिका लगाई है। अली ने घोष पर कार्यकाल के दौरान वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है और ईडी से जांच कराने की मांग की है। उधर, सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार से कानून बनाने की मांग कर रहे डॉक्टरों का प्रदर्शन 10वें दिन भी जारी है। कोलकाता, दिल्ली और अन्य शहरों में भी डॉक्टरों ने आज काम नहीं किया। एम्स दिल्ली ने डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए कमेटी बनाई है।

इसके अलावा बुधवार को कोलकाता में भाजपा और कांग्रेस ने राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की। ममता के खिलाफ पहली बार आम आदमी पार्टी ने भी पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। रेप-मर्डर केस में बुधवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की जांच के लिए एसआईटी बनाई है। यह उन्हें बचाने के लिए एक दिखावा है।

# देश में कहीं भारी तो कहीं मध्यम स्तर की बारिश जारी

**नई दिल्ली।** देश में भारी तो कहीं मध्यम स्तर की बारिश जारी है। मानसून सीजन आधा बीतने के बाद भी कई इलाकों में गर्मी-उमस है। मौसम विभाग ने बुधवार (21 अगस्त) को 18 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा में भारी बारिश के चलते 7 लोगों की मौत हो गई, 2 लापता हैं। 5600 परिवार राहत शिविरों में रह रहे हैं। राहत और बचाव के प्रयास जारी हैं।

इधर, राजस्थान में तेज बारिश का दौर फिर शुरू हो गया है जो तीन दिनों तक जारी रहेगा। मध्य प्रदेश में भी तेज बारिश से कालीसिंध, चंबल समेत अन्य नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। इससे राजस्थान ने इन नदियों पर बने बांधों से पानी छोड़ना शुरू कर दिया है। वहीं, हिमाचल प्रदेश के 8 जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है। सिक्किम के बालूतार में भारी भूस्खलन की चपेट में आकर एनएचपीसी के तीस्ता स्टेज 5 बांध पर 510 मेगावाट का पावर स्टेशन तबाह हो गया। इलाके में लगातार हो रहे भूस्खलन की वजह से कुछ दिन पहले ही इसे खाली करवा लिया गया था। अक्टूबर 2023 में एक हिमनद झील फटने के बाद आई बाढ़ में स्टेशन को काफी नुकसान पहुंचा था, जिसके बाद इसमें काम बंद कर दिया गया था।

# ठाणे के बाद अकोला में 6 स्कूली छात्राओं से छेड़छाड़

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बदलापुर में 2 बच्चियों के यौन शोषण के बाद अब अकोला में भी ऐसा ही मामला सामने आया है। काजीखेड़ के जिला परिषद स्कूल के टीचर प्रमोद मनोहर पर स्कूली छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोप लगा है। आरोपी टीचर ने आठवीं क्लास में पढ़ने वाली 6 छात्राओं का यौन उत्पीड़न किया। टीचर उनको अश्लील वीडियो दिखाता था और गलत तरीके से छूता था। छात्राओं की शिकायत पर पुलिस ने टीचर को अरेस्ट कर लिया है। टीचर की गिरफ्तारी पर स्कूल के प्रिंसिपल रवींद्र समदुर ने कहा, कल स्कूल में एक कार्यक्रम था। कार्यक्रम खत्म होने के बाद टीचर क्लास 7-8 की छात्राओं से मिलने गए थे। 5-6 लड़कियों ने कहा कि उनके साथ छेड़छाड़ की गई, तब हमें इस बारे में पता चला, तब तक हमें ऐसी किसी बात की जानकारी नहीं थी।

# मध्यप्रदेश में भाजपा का डेढ़ करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने सदस्यता अभियान की शुरुआत कर दी है। इस अभियान के तहत पार्टी का लक्ष्य 1.5 करोड़ नए सदस्य बनाने का है। इस बार, अभियान की सफलता से न केवल संगठन को मजबूती मिलेगी, बल्कि इससे जिलों के नेताओं का कद भी तय होगा। जो नेता ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने में सफल होंगे, उन्हें संगठन में बड़ा पद मिल सकता है। वहीं, निष्क्रिय नेताओं की सूची भी तैयार की जाएगी। बता दें, भाजपा हर छह साल में नए सिरे से सदस्य बनाती है। पिछली बार भाजपा के 95 लाख सदस्य थे। इस बार 55 लाख अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने बैठक के दौरान सभी नेताओं को संगठन को मजबूत करने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि हर नेता को अपने क्षेत्र में संगठन को मजबूती से खड़ा करना होगा, खासकर उन क्षेत्रों में जहां पार्टी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में हार का सामना कर चुकी है। शर्मा ने कहा कि संगठन को कमजोर बूथों पर खास ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए हर सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों को जुटना होगा। उन्होंने कहा कि एक-एक शक्ति केंद्र पर ध्यान देना होगा। नए प्रयोग करना होंगे। कौन सा वर्ग हमसे छुटा हुआ है उस पर ध्यान दे। विधानसभ्हा लोकसभा में किस वर्ग का वोट हमें नहीं मिला इस पर फोकस करें। शर्मा ने कहा कि अवसर पर काम होता है तो इतिहास बनता है।

# एससी आरक्षण में कोटा देने के विरोध में भारत बंद

## बिहार में ट्रेनें रोकीं, पटना में लाठीचार्ज, राजस्थान के 16 जिलों में स्कूल बंद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के एससी आरक्षण में कोटा लागू करने की इजाजत देने के खिलाफ बुधवार को दलित-आदिवासी संगठनों ने 14 घंटे का भारत बंद बुलाया है। नेशनल कन्फेडरेशन ऑफ दलित एंड आदिवासी ऑर्गेनाइजेशन ने इसे दलित और आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ बताया है।



बिहार में बंद का सबसे ज्यादा असर दिख रहा है। वहीं राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में इसको लेकर अलर्ट है। कांग्रेस, टीएमसी, सपा, बसपा, आरजेडी, झामुमो समेत कई दलों ने बंद का समर्थन किया है।

आरा में प्रदर्शनकारियों ने रेल पटरियों पर नारेबाजी की, इससे गाड़ियों की आवाजाही रुक गई। पाकिस्तान बॉर्डर के जिले बाड़मेर में निकाली गई रैली में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। मध्य प्रदेश के उज्जैन में बाजार बंद कराने पर दुकानदारों की प्रदर्शनकारियों से झड़प हुई। 9 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि अनुसूचित जाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जाएगा। 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई ने टिप्पणी की थी कि एसी-एसटी में भी क्रीमी लेयर लागू करने पर विचार करना चाहिए। इसे लेकर दलित सांसदों ने पीएम से मिलकर अपनी चिंता जताई थी।

बिहार के गोपालगंज में प्रदर्शनकारियों ने स्कूल बस जलाने की कोशिश। बस में 20 बच्चे सवार थे। एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा है कि आरोपियों की पहचान कर एक-एक व्यक्ति पर नामजद एफआईआर कर कार्रवाई की जाएगी। यूपी के जालौन में प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मियों से भिड़ गए। सीओ को धक्का दे दिया। आगरा में सड़क पर उतरे बसपा कार्यकर्ताओं ने जबरन दुकानें बंद करवाईं। कलेक्ट्रेट कार्यालय के गेट पर बसपा का झंडा भी फहराया। हाईवे जाम कर लोगों से बदसलूकी की। जोधपुर के सोमेसर गांव दुकान बंद कराने के लिए प्रदर्शनकारियों ने गर्म तेल की कढ़ाई उलट दी। इस कारण हलवाई के दोनों पैर जल गए। वहीं जोधपुर शहर में रैली निकालने के दौरान बंद समर्थक ट्रैफिक पुलिस की पोस्ट पर चढ़ गए।

सुप्रीम कोर्ट आरक्षण में क्रीमी लेयर के सुप्रीम कोर्ट के सुझाव के खिलाफ भारत बंद पंजाब में बेअसर रहा। जालंधर में दलित-आदिवासी संगठन विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वाल्मीकि समाज के नेताओं ने बंद का विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट का सुझाव सही बताते हुए नगर निगम सफाई यूनियन के सदस्यों ने जालंधर के कंपनी बाग चौक पर लड्डू बाटें। बक्सर के अंबेडकर चौक के पास प्रदर्शनकारियों ने सिविल कोर्ट के अतिरिक्त जिला जज की गाड़ी को रोक दिया।

# सिंगरौली में भारत बंद का मिला-जुला दिखा असर

## बीएसपी व भीम आर्मी ने रैली निकाल राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन






**सिंगरौली।** सिंगरौली में भारत का मिला-जुला असर दिखा है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ भारत बंद के आह्वान को लेकर जिले में प्रदर्शन हुआ। इस दौरान सड़क पर उतरकर बहुजन समाज पार्टी और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने दुकानों को बंद कराया। इस प्रदर्शन के दौरान किसी भी अप्रिय और असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। जिले में बुधवार सुबह बंद जैसे हालात बिल्कुल दिखाई नहीं दे रहे थे लेकिन 12रू बजे के आस पास भीम आर्मी और बहुजन समाज पार्टी सहित बड़ी संख्या में लोग फैसले के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन शुरू कर दिया। आंदोलन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पूरी सड़क पर नारेबाजी करते रहे और दुकानों को बंद कराने का प्रयास करते रहे। आरक्षण में उप-वर्गीकरण एवं क्रिमिलेयर लागू करने के आदेश को तत्काल अध्यादेश लाकर समाप्त कर अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजातिय वर्ग में अपने भविष्य के लि भयभीत स्थिति से बचाने भारत बंद का आह्वान कर जिले में रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर सिंगरौली को ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने 1 अगस्त 2024 को एसटी/एससी वर्गो के आरक्षण में उप-वर्गीकरण करने एवं क्रिमिलियर लगाने संबंधी आदेश दिया था,जिससे एससी/एसटी वर्ग के करोड़ो लोगो के संवैधानिक अधिकार खतरे में पड़ गए है। एससी/एसर्टी वर्गो को संविधान अनुच्छेद 15(4) एवं 16(4) में सामाजिक एवं शैक्षणिक रुप से पिछड़पन के लिए आरक्षण देने की व्यवस्था की गई है,न की आर्थिक आधार पर। सुप्रीम कोर्ट ने इन वर्गो के आरक्षण में क्रिमिलियर लगाने एवं उपवर्गीकरण करनेका अधिकार राज्य सरकारों को दे दिया जबकि अनुच्छेद 341 एवं 342 के तहत किसी जाति, उपजाति को एससी/एसटी वर्ग की सूची में जोडकर आरक्षण के दायरे में लाने या आरक्षण के दायरे से बाहर करने का अधिकार राष्ट्रपति या केन्द्र सरकार को है। न कि राज्य सरकार को वर्तमान में कुछ प्रदेश निश्चित ही इस आदेश के अनुसार अपनी-अपनी तैयारी में लग गए होंगे। जैसा की अनुसूचित जाति जनजातिय वर्ग के देश के हर राज्यों एवं केन्द्र के खाली पड़े लाखो बैकलोगं पदो से नियत समझ आ रही है और वैसे भी सुप्रीम कोर्ट को उक्त निणर्य एससी/एसटी वर्ग के संवैधानिक अधिकारियों के खिलाफ पूर्णत: गैर संवैधानिक है। बहुजन समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा कु.मायावती ने उक्त आदेश क 4 एवं 10 अगस्त को प्रेसवार्ता करके कड़ा विरोध किया। साथ ही केन्द्र सरकार को अध्यादेश लाने एवं स्पेशलसंसद सत्र बुलाकर उच्चतम न्यायालय के उक्त आदेश को निष्प्रभावी बनाने के लिए बिल पास कर आरक्षण विषय को संविधान की 9वीं अनुसूची में डालने को कहा था। जिससे भविष्य में आरक्षण के साथ कोई छेड़छाड़ न हो सके। बताया गया कि देश में एससी/एसटी वर्गो के साथ 75 वर्ष की आजादी के अमृत काल आने के बाद आज भी जातीय आधार पर अत्याचार एवं भेदभाव होता है,जो किसी के छिपा नही है और यह विभिन्न सरकारों की इन वर्गो के प्रति अच्छी नियत नही होने का प्रमाण है। आज देश का करोड़ो शोषित पीड़ित समाज सुप्रीम कोर्ट के उक्त आदेश से दुखी व सहमा है और 21 अगस्त के आंदोलन में हमारी पार्टी बहुजन समाज पार्टी इन सभी करोड़ो शोषित पीड़ित समाज के साथ खड़ी है। बसपा इकाई सिंगरौली मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 अगस्त को आरक्षण के संबंध में दिए गए निर्णय को निष्प्रभावी बनाने के लिए अध्यादेश जारी किया जावे या विशेष संसद सत्र बुलाकर बिल पास करके आरक्षण विषय को संविधान की 9वीं अनुसूची में डाला जाए,तभी देश के करोड़ो पिछड़े शोषित वर्गो के साथ समाजिक गैर बराबरी को कम एवं खत्म करने वाले संवैधानिक अधिकार आरक्षण को खत्म होने से बचाया जा सकता है। बहुसंख्यक समाज की भागीदारी से ही हमारा देश दुनिया में विकास के मानको को प्राप्त कर सकता है,जैसा की हमारे देश के महान संविधान के निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की मंशा रही है।

### जिले में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से बल तैनात किया गया है। जिले के प्रमुख बाजारों के अलावा भी कई जगहों पर भी अतिरिक्त बल लगाया गया है। जिले में किसी प्रकार की जोर जबरदस्ती या कानून हाथ में लेने जैसी घटना घटित नहीं हुई है।

# एसटी/एससी संयुक्त मोर्चा ब्लॉक इकाई चितरंगी ने उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**सिंगरौली।** विधानसभा क्षेत्र चितरंगी अंतर्गत भारत बंद को लेकर अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति संयुक्त मोर्चा ब्लॉक इकाई चितरंगी ने रैली निकाल कर 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति को संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण की मूल भावना की विरुद्ध दिए गए निर्णय को लेकर संसद के विशेष सत्र को बुलाकर संविधान संशोधन कर निरस्त किए जाने के संबंध में महामहिम राष्ट्रपति,भारत सरकार के नाम उपखंड अधिकारी चितरंगी सुरेश जादव को ज्ञापन सौपा गया। जिसमें उप वर्गीकरण का निर्णय जो कि अनुच्छेद 341 एवं अनुच्छेद 342 के विरुद्ध है, सामाजिक विषमता आएगी, समाज में विघटन की स्थिति पैदा होगी। क्रीमी लेयर की व्यवस्था से आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था खत्म हो जाएगी। इतना ही नहीं आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था को संविधान की नौ वीं अनुसूची में डाल दिया जाए ताकि इसके साथ फ्रि कभी छेड़छाड़ न हो सके और आरक्षण व्यवस्था की न्यायिक समीक्षा भी ना की जा सके। राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार में मतभेद की स्थिति पैदा हो सकती है क्योंकि अभी तक केवल संसद के पास ही किसी भी जाति को अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजाति में सम्मिलित करने का बाहर करने की शक्ति है। जिन समिति वर्ग की उपजातियां को आरक्षण दिया जाएगा उनमें रिक्त पद के सापेक्ष उतने अभ्यर्थी नहीं मिल पाएंगे और बची हुई रिक्तियां सामान्य कोटे से चली जाएंगी। जिससे दलित समाज के पिछड़े हुए लोगों को काफी नुकसान होगा और उनमें संतोष की भावना भी उत्पन्न होगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष गोंडवाना गणतंत्र पार्टी दलप्रताप सिंह,सरपंच बगैया दरोगा सिंह आयाम, सरपंच सुलखान राय सिंह,विधानसभा प्रभारी शिवमूर्ति साकेत, कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष बीपी सिंह, उग्रसेन सिंह,आम आदमी पार्टी विधानसभा उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रीय लोग सम्मिलित रहे।

# डॉक्टर बेटी की निर्मम हत्या के विरोध में जन आक्रोश रैली आज

**सिंगरौली।** विगत दिनों कोलकाता के आर जे हॉस्पिटल में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की निर्मम हत्या एवं दुष्कर्म को लेकर समूचे भारत के लोग आक्रोशित है। आम जन मानस से लेकर समाज सेवी संस्थाएं, देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेज,नर्सिंग कॉलेज सहित अनेक राजनैतिक पार्टी इस भीषण कांड को लेकर सड़क पर उतर चुका है। बताते चले अस्पताल के ही एक सभागार में भोर के समय एक महिला डॉक्टर के साथ हत्या और दुष्कर्म ने निर्भया कांड को भी पीछे छोड़ दिया है। प्रशासन एवं शासन के ढुलमुल रवैए ने आग में घी डालने का काम किया है। जिला सिंगरौली का जन मानस भी सड़क पर निकल कर पीड़ित के लिए न्याय मांग रहा है। इसी संदर्भ में जिले की प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्था स्पंदन 22 अगस्त को इस निर्मम हत्या और दुष्कर्म के विरोध में दोपहर तीन बजे अंबेडकर चौक से कलेक्ट्रेट तक एक विशाल रैली का आयोजन करने जा रही है। संस्था की अध्यक्ष अनामिका सिंह ने बताया महिलाएं इस कांड से काफी भयभीत व आक्रोशित है। बात मात्र कोलकाता की नहीं है, हर जगह इस तरह की घटनाएं हो रही है। इसको रोकने के लिए भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार से त्वरित कार्यवाही की मांग की जा रही है। शहर के रहवासियों से अपील है इस जघन्य हत्या एवं दुष्कर्म कांड के विरोध में सड़क पर उतरकर अपना विरोध प्रगट करें।

# राज्यमंत्री का अथक परिश्रम लाया रंग,कैबिनेट ने सिंचाई परियोजना को दी मंजूरी

## उन्नत कृषि विकास व रोजगार के साथ-साथ क्षेत्र में आएगी संपन्नता : राज्यमंत्री

**सिंगरौली/चितरंगी।** भारत एक कृषि प्रधान देश है,जहाँ आज विश्व में आर्थिक व्यवस्था के साथ-साथ कृषि व्यवस्था को भी अग्रणी रखने हेतु वैश्विक स्तर पर होड़ लगी हुई है वहीं भारत भी अपना कहां कम है जिसने सूक्ष्म सिंचाई पर केंद्र प्रयुक्त योजना को क्रियान्वित कर ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रौद्योगिकियों जैसे उपयुक्त तकनीकी हस्तक्षेपों को बढ़ावा देकर कृषि क्षेत्र में जल उपयोग दक्षता को बढ़ाने तथा किसानों को जल बचत और संरक्षण प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने के लिए भी प्रोत्साहित करने में कहीं पीछे नहीं है। कृषि तकनीक एवं क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिले तथा क्षेत्र में संपन्नता आए जो पूर्व स्वर्गीय मंत्री जगन्नाथ सिंह का सपना अधूरा रह गया था उन सपनों को साकार करने के लिए श्री सिंह की पुत्रवधू राज्य मंत्री राधा सिंह ने कोई कसर नहीं छोड़ा और लगातार प्रयास जारी रहा जिसका परिणामी यह रहा की सिंगरौली जिले के चितरंगी दाब युक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के लिए रुपए 1320.14 करोड़ सिंचाई क्षेत्र 32125 हेक्टेयर की कैबिनेट मंत्रालय से प्रशासकीय स्वीकृति मिली है साथ ही उक्त परियोजना से चितरंगी तहसील के 132 ग्राम, सिंचाई क्षेत्र 28192 हेक्टेयर एवं देवसर तहसील के 10 ग्राम सिंचाई क्षेत्र 3933 हेक्टेयर लाभान्वित होंगे जिससे क्षेत्र में कृषि पर आधारित कृषकों का आर्थिक विकास होगा संपन्नता आएगी तथा अपने देश में सिंगरौली का भी नाम कृषि उत्पादन से आर्थिक समृद्धि की सूची में दर्ज किया जाएगा।

सूक्ष्म सिंचाई का तरीका सीधे पौधे की जड़ क्षेत्र में पानी पहुंचता है जिस जमीन में ज्यादा पानी जमा होने की संभावना कम हो जाती है, इतना ही नहीं सूक्ष्म सिंचाई का इस्तेमाल पंक्ति फसलों,बगानों,नर्सरी,बागवानी और उद्यानों के लिए भी किया जाता है इससे कम मात्रा में पानी का इस्तेमाल होता है जिससे मिट्टी में पानी धीमी गति से रिसते हुए मिलता है और प्रवाह भी कम रहता है,जिससे किसान ज्यादा पानी की जरूरत वाली फसलों जैसे की धान,गेहूं,गन्ना,फल की मांग बढ़ती है और व्यापार भी बढ़ता है साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं।

गौरतलब हो की उक्त परियोजना लागू हो जाने से कृषि के क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि तो आएगी ही साथ ही संचित जल का भी उचित उपयोग नहीं हो पाता था जिसके कारण जल की समस्या तो होती ही थी,परंतु उक्त परियोजना लागू होने के बाद धीरे-धीरे जमीन का जलस्तर भी बढ़ेगा तथा मौसम वातावरण और प्रकृति का भी संतुलन बना रहेगा।

विदित हो कि श्रीमती सिंह विधायक बनने के बाद जब से राज्यमंत्री के दायित्व को संभाला है, तभी से क्षेत्र के समग्र विकास की सोच रखते हुए अहर्निस अपने कर्तव्यों को निभाने में जुटी हुई है। उक्त परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद क्षेत्र के व्यापारियों, किसानों तथा व्यवसाय से जुड़े क्षेत्रवासियों,सहित पार्टी के कार्यकर्ताओं,पदाधिकारीयों में भी उत्साह देखा जा रहा है तथा चारों तरफ चर्चाएं भी की जा रही है।

# छात्रों को राष्ट्रीय स्टेम चैलेंज के लिए ब्रिलियो जोनल राउंड में मिली विजय

**सिंगरौली।** वैतान, सिंगरौली, मध्य प्रदेश के गवर्नमेंट मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल और शक्ति नगर सोनभद्र उत्तर प्रदेश के गवर्नमेंट इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्रों ने राष्ट्रीय स्टेम चैलेंज 2023-24 के पश्चिमी क्षेत्रीय राउंड में विजय प्राप्त की। गवर्नमेंट एक्सीलेंस उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल वैतान में आयोजित क्लस्टर राउंड में छात्रों की सफलता का जश्न मनाया गया, जिन्हें स्टेम लर्निंग टीम और शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। ये विजेता अब 27 अगस्त 2024 को बेंगलुरु में होने वाले फाइनल में प्रवेश करेंगे। जोनल राउंड तक पहुंचने से पहले देश भर में 99 क्लस्टर राउंड आयोजित किए गए थे। इसके बाद छात्रों ने दिल्ली, पुणे, कोलकाता, बेंगलुरु और सिंगरौली में आयोजित जोनल राउंड में भाग लिया। इन जोनल राउंड के पांच विजेता अब बेंगलुरु में फाइनल के लिए आगे बढ़ेंगे। यह आयोजन स्टेम विज्ञान,प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित गतिविधियों की एक साल लंबी श्रृंखला की शुरुआत था। जिसमें विज्ञान और गणित मॉडल प्रतियोगिता, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग टिंकरिंग शामिल थे। इस चुनौती का उद्देश्य कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों में जिज्ञासा, नवाचार और डिज़ाइन सोच कौशल को बढ़ावा देना है, चाहे छात्रों की पृष्ठभूमि कुछ भी हो। अनुपम सेन गवर्नमेंट हाई स्कूल शाहपुर सिंगरौली मध्य प्रदेश के छात्र ने कहा राष्ट्रीय स्टेम चैलेंज में भाग लेना मेरे और मेरे दोस्तों के लिए एक अद्भुत यात्रा रही है। इसने हमें दिखाया है कि वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने में कोई भी सपना बड़ा नहीं होता। इस प्रतियोगिता ने हमारी आंखें खोली हैं और नवाचार और सीखने के प्रति एक जीवन भर का प्यार जागृत किया है। हम इस अनुभव के लिए ब्रिलियो स्टेम लर्निंग और हमारे मेंटर्स के बहुत आभारी हैं। यहाँ से प्राप्त कौशल और ज्ञान के साथए हम दुनिया का सामना करने और विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योगदान करने के लिए तैयार महसूस करते हैं। बताया गया कि विजेता विज्ञान और गणित मॉडल निर्माण प्रतियोगिता विष्णनाथ अग्रहरी,प्रथम स्थान मॉडल निर्माण आयुष त्रिपाठी गवर्नमेंट इंटरमीडिएट कॉलेज शक्ति नगर सोनभद्र उत्तर प्रदेश के छात्र है।




# आकाशीय बिजली गिरने से पति-पत्नी की दर्दनाक मौत

**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र के बरका चौकी अंतर्गत बुधवार की सायं बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से पति-पत्नी की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी महुआ के पेड़ के नीचे बैठकर बस का इंतजार कर रहे थे तभी अचानक बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरी और दोनो की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बहादुर सिंह पिता देवलाल सिंह उम्र लगभग 30 वर्ष एवं सुकवरिया पति बहादुर सिंह उम्र 28 वर्ष कटरा के जंगल के पास बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक बारिश होने लगी और गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी। जहां पेड़ के नीचे बैठे दोनो पति-पत्नी की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। राहगिरों को इसकी जानकारी होने पर घटना की जानकारी बरका चौकी पुलिस को दी।,जहां मौके पर पहुंची बरका पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को देने के बाद पंचनामा प्रक्रिया उपरांत पीएम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया है।

# जर्जर मकान गिरने से महिला सहित तीन बकरियों की मौत



**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार की सायं ककरसिहा गांव के भलुहा पहाड़ के पास जर्जर मकान गिरने से एक महिला सहित तीन बकरियों की दबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते सरई थाना प्रभारी मनोज सिंह चौहान दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। जहां मलवे में दबे महिला के शव व बकरियों को बाहर निकलवाया। वहीं पंचनामा प्रक्रिया उपरांत महिला के शव को पीएम के लिए रवाना कर दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ककरसिहा गांव निवासी विधवा महिला 45 वर्षीय बुगली अपने तीनो बकरियो को चरा रही थी। जहां बकरियां चरते-चरते जर्जर मकान के पास पहुंच गई। उसी दौरान बारिश भी हो रहा था तभी महिला ने बकरियों को वापस फिराने के लिए जर्जर मकान के पास गई। जैसे ही बकरियों को वापस फिराने लगी उसी दौरान जर्जर मकान अचानक गिर पड़ा। जहां मकान के मलवे में दबने से महिला सहित तीन बकरियों की दर्दनाक मौत हो गई। जब इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई तो इसकी सूचना सरई पुलिस को दी। सूचना उपरांत सरई थाना प्रभारी ने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर मलवे में दबे महिला के शव व मृत बकरियों को बाहर निकलवाया। वहीं पंचनामा प्रक्रिया उपरांत महिला का शव पीएम के लिए भिजवा दिया।

# एनटीपीसी-विंध्याचल में कोर वैल्यू के अंतर्गत कस्टमर फोकस जागरूकता रैली का किया गया आयोजन

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल में जुलाई 2024 से दिसंबर 2024 तक कोर वैल्यू उत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक माह के लिए एक-एक कर्मचारी को कोर वैल्यू चैम्पियन नामित किया गया है। इसी कड़ी में एनटीपीसी-विंध्याचल में अगस्त माह के लिए कोर वैल्यू चैम्पियन अपर महाप्रबंधक(टीएमडी) सत्येंद्र कुमार सिंह को नामित किया गया , जिसके अंतर्गत विभिन्न वर्गों -कर्मचारियों एवं उनके परिवारों व बच्चों के लिए कस्टमर फोकस पर आधारित विभिन्न प्रतियोगितायें जैसे - कहानी लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता, कविता लेखन एवं नारा प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत कस्टमर फोकस पर आधारित प्रत्येक दिन एक नारा इंट्रानेट पर प्रदर्शित किया जा रहा है।

## मुख्य सचिव ने व्हीसी के जरिए की राजस्व महाअभियान की समीक्षा

# पशुओं को खुला छोड़ने वालों पर करें जुर्माने की कार्यवाही : मुख्य सचिव




**सिंगरौली।** प्रदेश की मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से अधिकारियों को राजस्व महाअभियान के संबंध में निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्व महाअभियान में पूरे प्रदेश में अच्छा कार्य हो रहा है। अभियान के दौरान अब तक नामांतरण के एक लाख 916 तथा नक्शा तरमीम के 26 लाख 19 हजार 112 प्रकरण निराकृत किए गए हैं। कलेक्टर अभियान की सतत समीक्षा करके लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण कराएं। नामांतरण तथा अभिलेख में सुधार के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। नक्शा तरमीम के प्रकरणों के लिए विशेष प्रयास करें। नामांतरण के नए प्रकरणों में नक्शा तरमीम तत्काल करा दें। किसान सम्मान निधि के ई केवाईसी से जुड़े सभी प्रकरणों का भी 31 अगस्त तक अनिवार्य रूप से निराकरण कराएं। जिन जिलों में प्रगति कम है वहाँ के कलेक्टर विशेष ध्यान दें। मुख्य सचिव ने राजस्व महाअभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों को बधाई दी। मुख्य सचिव ने कहा कि निराश्रित गौवंश को सड़कों से हटाने के लिए तत्परता से कार्यवाही करें। विभिन्न विभाग मिलकर इसके लिए प्रयास करें। निराश्रित पशुओं को गौशाला में भेजने के साथ-साथ हाईवे के किनारे अस्थाई बाढ़े बनाकर उनमें भी इन्हें रखने की व्यवस्था करें। सड़कों में विचरण करने वाले पशु कई बार बड़ी दुर्घटना का कारण बन जाते हैं इससे जान-माल का नुकसान होने के साथ पशुओं की भी मौत होती है। पशुओं के दुर्घटना का शिकार होने पर उनके उपचार की समुचित व्यवस्था करें। शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतें पशुओं को खुला छोड़ने वालों पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही कर सकती हैं। मुख्य सचिव ने जनमन योजना में शामिल 24 जिलों में आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने मंकी पॉक्स रोग से बचाव के लिए आवश्यक उपाय के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि बाढ़ अथवा अतिवृष्टि से फसलों एवं जन-धन की हानि होने पर तत्काल सर्वे कराएं। प्राकृतिक आपदा के प्रकरण तैयार कर तत्काल राहत राशि वितरित कराएं। कलेक्ट्रेट एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश, संयुक्त कलेक्टर संजीव पांडे, नगर निगम आयुक्त डी के शर्मा,डिप्टी कलेक्टर माइकल तिर्की, लोक सेवा प्रबंधक रमेश पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़कों से गौवंश हटाने के लिए तत्परता से कार्यवाही करें : मुख्य सचिव

## मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की राजस्व महाअभियान की समीक्षा

**सीधी**

प्रदेश की मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को राजस्व महाअभियान के संबंध में निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्व महाअभियान में पूरे प्रदेश में अच्छा कार्य हो रहा है। अभियान के दौरान अब तक नामांतरण के एक लाख 916 तथा नक्शा तरमीम के 26 लाख 19 हजार 112 प्रकरण निराकृत किए गए हैं। कलेक्टर अभियान की सतत समीक्षा करके लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण कराएं। नामांतरण तथा अभिलेख में सुधार के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। नक्शा तरमीम के प्रकरणों के लिए विशेष प्रयास करें। नामांतरण के नए प्रकरणों में नक्शा तरमीम तत्काल करा दें। किसान सम्मान



निधि के ई केवाईसी से जुड़े सभी प्रकरणों का भी 31 अगस्त तक अनिवार्य रूप से निराकरण कराएं। जिन जिलों में प्रगति कम है वहाँ के कलेक्टर विशेष ध्यान दें। मुख्य सचिव ने राजस्व महाअभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों को बधाई दी।

मुख्य सचिव ने कहा कि निराश्रित गौवंश को सड़कों से हटाने के लिए तत्परता से कार्यवाही करें। विभिन्न विभाग मिलकर इसके लिए प्रयास करें। निराश्रित पशुओं को गौशाला में भेजने के साथ-साथ हाईवे के किनारे अस्थाई बाड़े बनाकर उनमें भी इन्हें रखने की व्यवस्था करें। सड़कों में विचरण करने वाले पशु कई बार बड़ी दुर्घटना का कारण बन जाते हैं इससे जान-माल का नुकसान होने के साथ पशुओं की भी मौत होती है। जन सामान्य की सुरक्षा और पशुओं की सुरक्षा दोनों के लिए सड़कों से पशुओं को हटाना आवश्यक है। पशुओं के दुर्घटना का शिकार होने पर उनके उपचार की समुचित व्यवस्था करें। शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतें पशुओं को खुला छोड़ने वालों पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही कर सकती हैं।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग से मुख्य सचिव ने जनमन योजना में शामिल 24 जिलों में आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने मंकी पॉक्स रोग से बचाव के लिए आवश्यक उपाय के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि बाढ़ अथवा अतिवृष्टि से फसलों एवं जन-धन की हानि होने पर तत्काल सर्वे कराएं। प्राकृतिक आपदा के प्रकरण तैयार कर तत्काल राहत राशि वितरित कराएं।

कलेक्ट्रेट एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, मझौली आर पी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय की सचिव ने की जल शक्ति अभियान की समीक्षा

# हर घर तक नल से जल की पहुंच सुनिश्चित हो : श्रीवास्तव

**सीधी।** भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय की सचिव गरिमा श्रीवास्तव द्वारा जल शक्ति अभियान कैच द रेन की समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। श्रीमती श्रीवास्तव 21 अगस्त से 23 अगस्त 2024 तक जिले के प्रवास के दौरान जल संरक्षण तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में किए गए विभिन्न कार्यों का निरीक्षण करेंगी। साथ ही वह हितग्राहियों के साथ संवाद भी करेंगी।



सचिव श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा कि हर घर तक नल से जल की पहुंच सुनिश्चित करना भारत सरकार की प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। यह जल शक्ति से नारी शक्ति की अवधारणा को दृष्टिगत रखते हुए महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास है। घर -घर तक नल से जल पहुंचने से महिलाओं के समय और ऊर्जा की बचत होगी। जिससे महिलाएं अपनी ऊर्जा अन्य आर्थिक गतिविधियों में लगा पाएंगी जिससे वह आर्थिक रूप से स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनेगी। जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों के विषय में चर्चा करते हुए श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा कि वर्षा जल का संरक्षण तथा पानी के अपव्यय को रोकना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वर्षा जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें तथा अधिक से अधिक मात्रा में वर्षा के जल के रोकने के प्रयास किए जाएं।

जिला पंचायत सीईओ ने जिले में पुष्कर धरोहर योजना तथा अमृत सरोवर योजना अंतर्गत जिले में किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल जल प्रदाय योजना तथा समूह जल प्रदाय योजना के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

# सैनिक सम्मेलन का हुआ आयोजन, पूर्व सैनिकों की समस्याओं का किया गया निराकरण

**सीधी।** ग्रुप कैप्टन सिद्धार्थ श्रीवास्तव (से. नि.) नवागत जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीधी (म.प्र.) द्वारा सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे भूतपूर्व सैनिक- 59 एवं वीर नारी 04, पूर्व सैनिक विधवाएँ 02 एवं परिजनो के साथ सम्मेलन में सैनिक कल्याण से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दो एवं समस्याओं पर किए जाने वाले प्रयासों के बारे में चर्चा की गई। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने वीर नारियों, पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों द्वारा उठायी गई समस्याओं का उचित निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु आदेश दिये, एवं आश्वासन भी दिया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने केंद्रीय सैनिक बोर्ड, भारत सरकार एवं राज्य सैनिक बोर्ड मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा दी जाने वाली अनुदान, सहायता एवं सुविधाओं के बारे में अवगत कराया तथा सूचित किया कि ई केवाईसी समग्र पर सभी पूर्व सैनिक, वीर नारी एवं पूर्व सैनिकों के आश्रित निश्चित रूप से ही पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण कर लें। वेटरन आउटरीच प्रोग्राम के हेतु हेडक्वाटर मध्य भारत एरिया, जबलपुर से आये हुए टीम ने जिला सैनिक कल्याण सीधी की टीम के साथ मिलकर पूर्व सैनिकों के पेंशन, स्पर्श, डाक्यूमेन्ट, जीवित प्रमाण पत्र, ई केवाईसी, तथा डाटा इंट्री/डाटा करेक्सन एवं अनुदान/सहायता इत्यादि के समस्याओं का कंप्यूटर के माध्यम से त्वरित समाधान किया, आनरेरी सूबेदार मेजर जागेश्वर सेन (से.नि.) कल्याण संयोजक ने सैनिक सम्मेलन में आने के लिए पूर्व सैनिकों, वीर नारियों/विधवाओं एवं उनके आश्रितों को धन्यवाद दिया एवं आभार व्यक्त किया।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में भारतीय अक्षय ऊर्जा दिवस समारोह का हुआ आयोजन

**सीधी**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी में दिनांक 20.08.2024 को भारती ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के त्रैमासिक कैलेंडर के अनुसार भारतीय अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में 'अक्षय ऊर्जा एवं भारतीय ज्ञान परंपरा' पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई। निबंध प्रतियोगिता में कुल सात छात्रध्छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजली सिंह बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान बुद्धिसागर गुप्ता बी.ए. तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान स्नेहल सिंह चौहान बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता के बाद विषय विशेषज्ञों ने अक्षय ऊर्जा पर अपने विचार व्यक्त किए। सबसे पहले डॉ दिवाकर सिंह सहायक प्राध्यापक




वनस्पति शास्त्र ने वेद से लेकर वर्तमान तक अक्षय ऊर्जा पर प्रकाश डाला। सत्य प्रकाश शुक्ला अतिथि विद्वान भौतिक शास्त्र ने अक्षय उर्जा स्रोतों पर वक्तव्य दिया। अखिलेश कुमार शर्मा ने परंपरागत ऊर्जा और अक्षय उर्जा दोनों का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया और बताया कि हमारा जो ऊर्जा का भंडार है वो तेजी से घट रहा है इसलिए जरूरी है कि अक्षय उर्जा स्रोतों पर ध्यान दिया जाये। यज्ञ प्रताप साहू अतिथि विद्वान गणित ने पारंपरिक ऊर्जा और अक्षय उर्जा की महत्ता को रेखांकित किया। डॉ. राकेशकुमार प्रजापति बताया कि यदि भविष्य में हम उन्नति करना चाहते हैं तो अक्षय ऊर्जा के महत्व को स्वीकार करना पड़ेगा और पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करनी पड़ेगी। डॉ अनिल कुमार सिंह प्राध्यापक अंग्रेजी ने कहा कि इस पूरे ब्रह्माण्ड के कड़- कड़ में अक्षय ऊर्जा विद्यमान् है जरूरत है इसकी उपयोगिता को स्वीकार करना, उसका सदुपयोग करना और विकास को आगे बढ़ाना। डॉ आर.बी. एस चौहान प्रभारी प्राचार्य ने अक्षय ऊर्जा के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि परंपरागत ऊर्जा स्रोतों का भंडार कम हो रहा है इसीलिए अक्षय ऊर्जा के महत्व को स्वीकार करना होगा। हमारे वेद शास्त्रों में जो अक्षय ऊर्जा की बात कही गई है उसको स्वीकार करके आगे बढ़ना पड़ेगा। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. राम नारायण स्वर्णकार ने भी अक्षय ऊर्जा के महत्व को रामचरितमानस के माध्यम से रेखांकित किया।

इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. रामनारायण स्वर्णकार भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी ने किया। अखिलेश कुमार शर्मा, डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ.सत्य प्रकाश शुक्ला, बृजेश कुमार सिंह, राजेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ यज्ञ प्रताप साहू, डॉ प्रमोद कुमार द्विवेदी डॉ आर. बी. एस. चौहान प्रभारी प्राचार्य के साथ साथ छात्र-छात्राओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही है। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत करने के साथ- साथ उन छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया जिन्होने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था की देख रेख सहायक नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार प्रजापति द्वारा संभाला गया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान सभी ने अक्षय उर्जा के संरक्षण के लिए संकल्प लिया।

# फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**सीधी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने जानकारी देकर बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिनांक 01.01.2025 की अर्हता तिथि को दृष्टिगत रखते हुए फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है। आयोग ने इस वर्ष की अर्हता तिथि 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर को सम्मिलित करते हुए दिनांक 01.01.2025 की अर्हता तिथि के अनुसार पुनरीक्षण संबंधी निर्देश दिये हैं। आयोग द्वारा अवगत कराया है कि पुनरीक्षण गतिविधियां दो भागों में पूर्ण की जायेगी, जिससे निर्वाचक नामावली बन सके। जारी कार्यक्रम अनुसार दिनांक 20.08.2024 से 18.10.2024 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन, मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण/ पुनर्व्यवस्था, नामावली/ईपिक में विसंगतियों को दूर करना, जहां कही आवश्यक हो निर्वाचक नामावली में धुंधली, खराब गुणवत्ता और विनिर्देशन और गैर-मानवीय छवियों को प्रति स्थापित करके अच्छी गुणवत्ता वाली तस्वीरों को सुनिश्चित करते हुए छवि गुणवत्ता में सुधार, खण्ड/भागों की पुर्रचना और मतदान केन्द्रों के खण्ड/भाग की सीमाओं के स्थान के प्रस्तावित पुनर्गठन को अंतिम रूप देना और मतदान केन्द्रों की सूची का अनुमोदन प्राप्त करना, कमियों की पहचान करना रणनीति को अंतिम रूप देना एवं ऐसे अंतरालो को पाटने की समय-सीमा और कन्ट्रोल टेबल को अद्यतन करने की कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार दिनांक 19.10.2024 से 28.10.2024 तक प्रारूप 1-8 की तैयारी, दिनांक 01.01.2025 के संदर्भ में पूरक ओर एकीकृत ड्रॉफ्ट रोल तैयार करना, दिनांक 29.10.2024 को एकजाई प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन, दिनांक 29.10.2024 से 28.11.2024 तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराना, 09.11.2024, 10.11.2024, 16.11.2024 तथा 17.11.2024 को विशेष कैम्प का आयोजन, 24.12.2024 तक दावे एवं आपत्तियों का निराकरण, 01.01.2025 को नामावली के हेल्थ पैरामीटर को जॉचना और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना, डाटाबेस को अपडेट करना और परिशिष्टो को मुद्रित करना तथा 06.01.2025 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियां आयोग के निर्देशो, निर्वाचक नामावली संबंधी मैनुअल 2023 एवं मतदान केन्द्रों के मैनुअल 2020 पर आधारित होगी। आयोग द्वारा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रशिक्षण एवं दिशा निर्देशों से अवगत कराने हेतु बी.एल.ओ. को नियुक्त कर उनका प्रशिक्षण एवं दिशा-निर्देशों से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया है। साथ ही जहां आवश्यक हो नवीनतम आई.टी. प्रक्रियाओं और प्रणालियों के संबंध में भी प्रशिक्षित किये जाने हेतु अवगत कराया है। ऐसे बीएलओ जिनका स्थानांतरण हो गया है अथवा सेवानिवृत्त हो गये हैं, उन बीएलओ से किट प्राप्त कर नव-नियुक्त बीएलओ को प्रदाय करें। सभी बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान किया जावे इस हेतु समय सारणी तैयार की जाकर कार्यालय को अनिवार्य रूप से भिजवाना सुनिश्चित करें।

# विश्व हिंदू महासंघ ने किया संगीत कलाकारों एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान

**सीधी।** श्रावण मास में 22 जुलाई से 19 अगस्त तक निरन्तर ओम् नम: शिवाय का जाप, भजन कीर्तन संगीत कलाकारों द्वारा विश्व हिन्दू महासंघ सीधी के तत्वावधान में किया गया। जो शहर के 29 गणमान्य परिवारों के आवास पर किया गया। ज्ञातव्य हो कि उक्त कार्यक्रम के समापन समारोह स्थानीय गोपाल दास मन्दिर में दान बहादुर सिंह उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीधी के मुख्य अतिथि, स्वामी गोपाल दास जी महाराज के शिष्य शत्रुघ्न दास जी महाराज के अध्यक्षता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता यदुनाथ सिंह तथा संविदाकार जीवेन्द्र सिंह लल्लू के विशिष्ट अतिथि में हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कलाकार राम शिरोमणि मिश्रा, भूपेंद्र पांडे, विपिन पांडे, अभिमन्यु सिंह, रविकर सिंह बाघेल, महेंद्र सिंह चौहान, संतलाल विश्वकर्मा, अशोक पटेल एडवोकेट, के.के. तिवारी, मनीष शुक्ला तथा संकरण प्रसाद मिश्र के साथ अन्य कलाकारों का तिलक लगाकर अंग वस्त्र के साथ मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष महोदय द्वारा सम्मानित किया गया। तथा कार्यकर्ताओं में श्रीमती शशिभा गौतम, श्रीमती पुष्पा सिंह, श्रीमती सुनीता सिंह, श्रीमती कल्पना सिंह के अलावा विक्रम सिंह चौहान, विनय सिंह बाघेल, विमल सिंह, राजेंद्र गुप्ता, अंशुमान सिंह, विंध्य प्रभारी राजेश सिंह, विष्णु बहादुर सिंह, पंकज सिंह चौहान, राजेश साहू, अश्वनी सिंह परिहार, राजबहोर साहू, विपिन सिंह परिहार, शुभम सिंह, अजय दहिया, अनूप द्विवेदी, अधिवक्ता रविंद्र गौतम, सोमेश्वर साहू, ज्ञानेंद्र सिंह, बृजेंद्र सिंह, विजय नायक सिंह, रजनीश गौतम, अनूप द्विवेदी, अतुल शर्मा, अधिवक्ता अरुण सिंह बाघेल, प्रिंस विश्वकर्मा, मदन सोनी, पप्पू नामदेव, अनुराग सिंह, संजय गुप्ता, जीतेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सोनी, नरेश सिंह, संजय सिंह का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संजय शुक्ला द्वारा किया गया।

# मायके से आ रही महिला ने लगाई सोन नदी में छलांग, बाइक छोड़ पति भी कूदा

**सीधी।** बाइक पर सवार होकर अपने घर वापस जा रहे एक दम्पती के बीच विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ा कि पत्नी ने चलती बाइक से नीचे उतर कर जोगदहा पुल कि पास सोननदी में छलांग लगा दी। इस अप्रत्याशित घटना से सकते में आया पति भी बाइक रोककर पत्नी को बचाने नदी में कूद गया। यह घटना मंगलवार देर शाम को हुई बताई जा रही है।

पुल के पास मौजूद लोगों ने दोनों के बचाने का प्रयास किया। इस दौरान पति को तो नदी से बाहर निकाल लिया गया, लेकिन पत्नी पानी के तेज बहाव में आगे निकल गई। बुधवार को भी पत्नी की तलाश की गई, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। एनडीआरएफ के जवान उसकी तलाश में जुटे हैं। पति की कोई बात पुष्पा को इतनी चुभ गई कि वो रास्ते में सोननदी पर बने जोगदहा पुल के पास चलती मोटर साइकिल से उतर कर नदी में कूद गई। पुष्पा को बचाने के लिए मदन ने भी नदी में छलांग लगा दी। मदन को तो नदी के आस-पास मौजूद लोगों ने किसी तरह से बचा लिया, लेकिन पुष्पा का कोई पता नहीं चल सका। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना बहरी और अमिलिया थाना पुलिस को भी दी।

मंगलवार की रात में कुछ देर तक पुष्पा की तलाश की गई, लेकिन अंधेरा गहराने और नदी में घड़ियाल की आशंका को देखते हुए रात में रेस्क्यू रोक दिया गया। बुधवार की सुबह एनडीआरएफ की टीम ने पुन: पुष्पा की खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया।

# नगर परिषद अंतर्गत व्याप्त समस्याओं का जल्द हो निराकरण : अभिषेक

**सीधी।** ज्ञात हो कि नगर परिषद रामपुर नैकिन क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं को लेकर आज दर्जन भर युवाओं के साथ युवा नेता अभिषेक तिवारी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद रामपुर नैकिन से मिलकर नगर परिषद की समस्याओं से अवगत कराया जिसमें प्रमुख रूप से वार्ड क्रमांक 1 मुर्तला पवाई मे स्थित तालाब नगर परिषद अंतर्गत सबसे बड़ा तालाब है जिसका दायरा दिन ब दिन सीमित होता जा रहा है तालाब का सीमांकन कराकर उसका दायरा सुरक्षित किया जाए। तालाब में चारा एवं गहराई ना होने के कारण जल भराव की स्थिति जल्द ही निर्मित हो जाती है जिससे लोगों को तालाब फूटने का डर बना रहता है अत: तालाब की मेढ़ ऊंची की जाए तालाब का गहरीकरण कराया जाए एवं शिवसागर तालाब एवं बूढ़ी माता तालाब की तर्ज में मुर्तला तालाब का सौंदर्यीकरण कराया जाए । नगर परिषद वार्ड क्रमांक 1,2,3 में बरसात के दिनों में पानी भर जाने के कारण जन को भारी असुविधा होती है निर्वाध रूप से पानी न निकल पाने के कारण जगह-जगह जल भराव बना रहता है अत: इस असुविधा से मुक्ति के लिए नाली बनवाई जाए जिससे वहां का पानी बिना किसी असुविधा के निकल सके और जन की यह परेशानी दूर हो सके कीचड़ वाले स्थानों को चिन्हित कर उनमें मुरूम डलवाई जाए। वार्ड क्रमांक एक में स्थित विद्यालय एवं आंगनबाड़ी का रास्ता जो तालाब के बगल से होकर गुजरता है जर्जर स्थिति में है जिस कारण रास्ते में वहां से आने जाने वालों को गिरने का व दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है अत: रोड का मारम्मतीकरण कराया जाए ताकि विद्यालय एवं आंगनबाड़ी जाने वालों के साथ में कोई अनहोनी ना हो। वार्ड क्रमांक 1 जो सडक स्कूल



एवं आंगनबाड़ी की ओर जाती है हाल ही में बिजली विभाग द्वारा नए खंबे लगाए गए हैं परंतु शाम होते ही अंधेरे के कारण लोगों को रास्ते से आने जाने में डर लगता है अत: जन की सुविधा के लिए स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करवाई जाए ताकि लोग निर्भीक होकर रास्ते से आ जा सके। वार्ड क्रमांक एक आवासीय बस्ती की ओर सड़क जाती है नगर परिषद द्वारा उसका कार्य स्वीकृत किया गया था टेंडर भी पास हुआ था और कार्य भी शुरू हुआ था परंतु न जाने किस कारण कार्य रुक गया है तो उसको संज्ञान में लेते हुए रोड का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया? जाए । नगर परिषद अंतर्गत स्टेट हाईवे जो की स्वार्थपूर्ण लोगों के कारण तोड़ा जाता है या स्पीड ब्रेकर बनाए जाते हैं जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं अत: नगर परिषद में स्टेट हाईवे पर किसी भी प्रकार की तोड़ फोड़ पर एवं ब्रेकर बनाए जाने पर प्रतिबंध लगाया जाए व आवश्यकता अनुसार नगर परिषद से आदेश लेने पर ही कुछ कार्य किया जाए। एवं सड़क बहुत जगह से क्षतिग्रस्त है उसका भी संबंधित एजेंसी से मरम्मतीकरण कराया जाए । नगर परिषद अंतर्गत सड़कों पर आवारा पशुओं के ठहराव के कारण आए दिन रोड में जाम लगा रहता है व दुर्घटना की आशंका रहती है एवं वाहन चालको द्वारा उनकी हत्या कर दी जाती है एवं कई वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं जिससे गोवंशों के साथ-साथ जन को भी भारी हानि होती है अत: नगर परिषद से कुछ पर्याप्त व्यवस्था की जाए जिससे गोवंश एवं जन दोनों को सुरक्षा मिल सके।

नगर परिषद अंतर्गत बाजार में पार्किंग के अभाव के कारण लोगों द्वारा सड़क पर वाहन खड़ा कर दिया जाता है जिससे जाम एवं दुर्घटना दोनों की आशंका बनी रहती है इसके निदान हेतु नगर परिषद से पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए। विशेष मां के रूप में इस वर्ष बरसात के कारण तालाब पूरी तरह से भर चुका है और एक बरसात और हो जाने से मेड के ऊपर से अपनी बहन लगेगा और मिट्टी कटाव के कारण तालाब के फूटने की संभावना है जिसे वहां के लोगों में वह का माहौल बना हुआ है आता है इस विषम परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए तत्काल तालाब के मेरे ऊपर मिट्टी या मुरुम डलवाई जाए। इसके साथ-साथ कई मांगों को श्रीमान मुख्य नगर पालिका अधिकारी के सामने रखा गया। जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा समस्याओं के त्वरित निदान हेतु आश्वासन दिया गया। माग पत्र सौंपने वालों में प्रमुख रूप से विमलेश तिवारी पवन तिवारी मालिक, कमल सिंह पंकज तिवारी, सैलेंद्र कोल अनुराग तिवारी, अखिल केवट सुनील तिवारी मुनेश सिंह बैंस, पीयूष मिश्रा, रामकृष्ण तिवारी, एवं दर्जन भर युवा उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### खनिज संपदा पर -सुप्रीम कोर्ट ने दिया बड़ा निर्णय

किसी भी राज्य के विकास और आर्थिक संपन्नता में उसके अपने संसाधनों की अहम भूमिका होती है। मगर, देश के कुछेक राज्य ऐसे हैं, जहां प्राकृतिक संसाधन तो भरपूर हैं, लेकिन उन्हें इनका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा था। इसका कारण केंद्र सरकार और राज्यों के बीच करों तथा उपकरों के बंटवारे को लेकर विवाद था। खनिज संपदा पर किसका हक है, यह सवाल कई मौकों पर उठता रहा। पिछले महीने सर्वोच्च न्यायालय ने इस विवाद का निपटारा करते हुए व्यवस्था दी कि खनिज भंडार राज्य की संपदा हैं। फिर राज्यों को एक और बड़ी राहत बुधवार को मिली, जिसमें उन्हें खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर केंद्र सरकार द्वारा पिछले बारह वर्षों में क्रमबद्ध तरीके से वसूले गए कर का बकाया लेने की अनुमति मिल गई। दरअसल, यह मामला इसलिए उलझा हुआ था कि संविधान में खदानों के आबंटन से संबंधित सीमाएं तय करने का अधिकार केंद्र सरकार को दिया गया है। जमीन और इमारत आदि पर शुल्क लगाने का अधिकार राज्य सरकारों को है। इसलिए राज्यों में खनिजो पर कर केंद्र सरकार लगा रही थी। मगर, सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने पिछले महीने स्पष्ट कर दिया था कि खनिज राज्य की संपदा हैं, इसलिए वे पट्टे की कीमत तय कर सकते हैं ।खदानों और खनिज-युक्त भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार राज्यों का है। कुछ राज्यों में प्राकृतिक संसाधन ही राजस्व अर्जित करने का मुख्य स्रोत होता है, इसलिए अगर खनिजों पर भी केंद्र सरकार ही कर वसूलेगी तो राज्यों को अपने विकास कार्यों के लिए धन जुटाना मुश्किल हो जाएगा ।सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद राज्य खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर केंद्र सरकार की ओर से वसूली गई रायल्टी और कर की बकाया राशि के भुगतान की मांग कर रहे थे। हालांकि केंद्र सरकार ने इसका विरोध किया, मगर शीर्ष अदालत ने केंद्र की दलीलों को खारिज कर राज्यों को खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर वसूले गए रायल्टी और कर पर एक अप्रैल 2005 से बकाया लेने की अनुमति दे दी।

# ब्रिटिश काल से ही इस्लामिक कट्टरपंथ की चपेट में रहा है बांग्लादेश

(चेतनादित्य आलोक)

फिलहाल, जमात ए इस्लामी बांग्लादेश की सबसे बड़ी इस्लामिक राजनीतिक पार्टी है, जो हमेशा से बांग्लादेशी राष्ट्रवादियों के विरोध में रही है। जमात-ए-इस्लामी वही संगठन है, जिसने 1971 के 'बांग्लादेश मुक्ति संग्राम' में बांग्लादेशी राष्ट्रवादियों के विरूद्ध पाकिस्तानी सेना को अपना समर्थन और सहयोग दिया था।

बांग्लादेशी सेना प्रमुख के द्वारा प्रधानमंत्री शेख हसीना से त्याग?पत्र लेने और उन्हें 45 मिनट के भीतर देश छोड़कर भागने के लिए मजबूर करने के बाद वहां की परिस्थितियां जितनी तेजी से बदली हैं, उससे दुनिया भर में आश्चर्य का माहौल बना हुआ है। विशेष रूप से उक्त घटना के बाद से मुस्लिम देशों के शासकों के पसीने यह सोचकर छूटने लगे हैं कि न मालूम अगला नंबर किसका लगने वाला है... कहीं उनके देश में भी तो ऐसा कुछ नहीं हो जाएगा... कहीं उनकी सत्ता का सिंहासन भी तो उनसे नहीं छिन जाएगा। वहीं, दूसरी ओर लोकतंत्र के हिमायतियों और लोकतांत्रिक देशों के शासकों को आश्चर्य हो रहा है कि हाल तक एक समावेशी लोकतांत्रिक देश प्रतीत होने वाला बांग्लादेश अचानक इस कदर इस्लामिक कट्टरपंथियों के हाथों का खिलौना कैसे बन गया। तमाम घटनाओं को उनकी संपूर्णता में स्वीकार कर उन पर गहराई से विचार करने से मालूम होता है कि वास्तव में बांग्लादेश अचानक इस्लामिक कट्टरपंथियों के हाथों का खिलौना नहीं बन गया, बल्कि सन् 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्र होने के बाद से ही वहां पर लगातार इस्लामिक कट्टरपंथी, आतंकवादी एवं अन्य उग्रवादी समूहों और संगठनों ने अपनी शक्ति और आकार बढ़ाने का कार्य किया है। सबसे बड़ी आश्चर्य की बात तो यह कि उन्होंने अपना यह अभियान चोरी?छुपे नहीं चलाया, बल्कि वे हमेशा से मुखर रहे हैं।

गौरतलब है कि इन तमाम इस्लामिक कट्टरपंथी एवं आतंकवादी समूहों और संगठनों को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ अपना खुला समर्थन और सहयोग प्रदान करती रही है। बांग्लादेशी इस्लामिक कट्टरपंथी एवं आतंकवादी समूहों और संगठनों तथा पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ का यह गंठजोड़ इतना घातक है कि इसने बांग्लादेश की धरती पर मानवता को तार?तार करने का कोई अवसर नहीं छोड़ा। इसी घातक समीकरण की दो प्रमुख कड़ियां जमात?उल?मुजाहिदीन एवं जमात?ए?इस्लामी नामक कट्टरता फैलाने वाले संगठन हैं। बता दें कि ये दोनों संगठन हमेशा से ही बांग्लादेश के मूल राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक ढांचे के विरूद्ध कार्य करते रहे हैं।

दरअसल, इन संगठनों का लोकतांत्रिक पद्धति और शासन से कभी कुछ भी लेना?देना नहीं रहा है। ये तो बांग्लादेश का पूर्ण इस्लामीकरण करने के उद्देश्य से वहां पर लोकतंत्र तथा देश के समावेशी विकास के आधारस्वरूप सामाजिक ताने?बाने को ध्वस्त करने के प्रयास हमेशा से करते रहे हैं। ये वही इस्लामिक रैडिकल संगठन हैं, जिन्होंने बांग्लादेश को



रैडिकलाइज कर उसकी -अनेकता में एकता की जड़ें खोदने का कार्य करते रहे हैं। इनमें जमात उल मुजाहिदीन, बांग्लादेश (जेएमबी) एक सक्रिय स्वदेशी आतंकवादी संगठन है, जिसका उद्देश्य बांग्लादेश को एक इस्लामी राज्य बनाना और वहां शरिया के आधार पर चलने वाली सरकार का गठन करना रहा है।

बता दें कि अप्रैल 1998 में ढाका प्रभाग के जमालपुर में अब्दुर रहमान द्वारा इसको स्थापित किया गया था और इसकी आतंकी गतिविधियों के लिए पहली बार 2001 में बांग्लादेश में इसकी पहचान सार्वजनिक हुई थी। हालांकि गठन के बाद से ही इस आतंकवादी संगठन ने देश के उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्रों में आतंकियों की भर्ती करने, उन्हें प्रशिक्षण देने, धन जुटाने और अपने सदस्यों को संगठित करने का कार्य आरंभ कर दिया था। गौरतलब है कि 2005 में पूरे बांग्लादेश में धार्मिक हिंसा भड़काने के लिए

तत्कालीन शेख हसीना सरकार ने इस संगठन को प्रतिबंधित कर दिया था, लेकिन यह संगठन अब तक काफी शक्तिशाली हो चुका था। इसलिए इसने सरकारी प्रतिबंध को धत्ता बताते हुए हार मानकर चुप बैठने के बजाए पलटवार किया और बांग्लादेश में शरिया कानून लागू करने की मांग को लेकर तत्कालीन बांग्लादेश के कुल 64 में से 63 जिलों में बम विस्फोट कराकर दहशत फैला दी थी। बांग्लादेश के इतिहास में जहरीले आतंकवाद के काले अध्याय की शुरूआत का वह दिन 17 अगस्त 2005 का था, जब जमातउलमुजाहिदीन, बांग्लादेश ने पूरे बांग्लादेश में 300 स्थानों पर 500 बम विस्फोट किए थे। हालांकि उसके बाद शेख हसीना सरकार की सख्ती के कारण यह संगठन कमजोर होता गया, किंतु 2016 में एक बार पुनरू इस आतंकवादी संगठन के गुर्गे संगठित हुए।

इस बार अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने बांग्लादेश में पंथनिरपेक्षतावादियों पर आक्रमण किए। उस दौरान उत्तरी बांग्लादेश में इसके गुर्गों ने कई सार्वजनिक हत्याएं भी कीं। इसी प्रकार जमातएइस्लामी इस्लामिक कट्टरता फैलाने वाला बांग्लादेश का एक राजनीतिक दल है, जिसका गठन इस्लामिक विचारक सैयद अबुल अला मौदूदी ने ब्रिटिश भारत के दौरान ही सन् 1941 में की थी। गठन के समय यह एक सामाजिक संगठन था, जिसका उद्देश्य मुस्लिम जनता को रैडिकलाइज कर एकीकृत इस्लामिक राष्ट्र बनाने का था, लेकिन उसका सपना पूरा होने से पहले ही टूट गया, जब सन् 1947 में भारत का विभाजन हुआ। बता दें कि विभाजन ने न केवल दो राष्ट्रों को, बल्कि भिन्न विचारधाराओं पर आधारित भारत और पाकिस्तान दो पृथक राज्यों को भी जन्म दिया। भारत एक पंथनिरपेक्ष राष्ट्र बना, जिसमें हिंदू बहुसंख्यक और बड़ी संख्या में मुस्लिम तथा जैन, बौद्ध, पारसी, सिक्ख, इसाई आदि कई अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी थे, जबकि पाकिस्तान एक मुस्लिम राज्य बना। जाहिर है कि विभाजन के बाद मौदूदी पाकिस्तान चले गए और वहां पर अपना एजेंडा चलाने लगे। फिर 16 दिसंबर 1971 को जब बांग्लादेश स्वतंत्र होकर एक अलग राष्ट्र बना, तब जमात ए?इस्लामी पार्टी भी दो फाड़ हो गई। इसका एक हिस्सा पाकिस्तान में रहा और दूसरा यानी पूर्वी धड़ा बांग्लादेश में फलने?फूलन लगा।

फिलहाल, जमात?ए?इस्लामी बांग्लादेश की सबसे बड़ी इस्लामिक राजनीतिक पार्टी है, जो हमेशा से बांग्लादेशी राष्ट्रवादियों के विरोध में रही है। जमात?ए?इस्लामी वही संगठन है, जिसने 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में बांग्लादेशी राष्ट्रवादियों के विरूद्ध पाकिस्तानी सेना को अपना समर्थन और सहयोग दिया था। यह वही पार्टी है, जिस पर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर हमले और अत्याचार करने के आरोप हमेशा से लगते रहे हैं। यहां तक कि वर्ष 2010 में अंतरराष्ट्रीय अपराध ट्रिब्यूनल ने जमात?ए?इस्लामी पार्टी के आठ नेताओं को 1971 युद्ध के अपराध का दोषी बताकर सजा सुनाई थी। वहीं, भारत में अयोध्या स्थित बाबरी विवादास्पद ढांचे के विध्वंस कर दिए जाने के बाद इस पार्टी के नेताओं और छात्र संगठन पर बांग्लादेश में हिन्दू विरोधी दंगे भड़काने तथा हिंदुओं को जान?माल की क्षति पहुंचाने और हिंदू मंदिरों आदि में तोड़?फोड़ एवं लूटपाट करने के भी आरोप लगते रहे हैं।

# मोदी की एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने के पीछे की क्या है मंशा

(संजय सक्सेना)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से इस बात पर चिंता जता कर समाज को आईना दिखाने का काम किया है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक लाख गैर-राजनीतिक युवाओं को जन प्रतिनिधि के रूप में राजनीति में लाने का आह्वान किया।

देश की राजनीति में पिछले कुछ वर्षों में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। अब छात्र संगठनों, स्कूल कालेजों और विश्वविद्यालयों से युवा छात्र नेताओं की पौध नहीं तैयार होती है। आम युवा पीढ़ी की भी राजनीति में रूचि घटती जा रही है। यहां तक की देश के आगे ले जाने के लिये होने वाली समसामयिक राजनैतिक चर्चाओं से भी यह दूर रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से इस बात पर चिंता जता कर समाज को आईना दिखाने का काम किया है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक लाख गैर-राजनीतिक युवाओं को जन प्रतिनिधि के रूप में राजनीति में लाने का आह्वान किया। उनको लगता है कि ऐसा करने से जातिवाद और वंशवाद की राजनीति को खत्म करने में मदद मिलेगी। मोदी का यह कहना बिल्कुल सही है कि यह युवा अपनी पसंद की किसी भी पार्टी में शामिल हो सकते हैं, जरूरी नहीं कि कोई एक ही पार्टी हो। पीएम मोदी को यह बात इस लिये कहना पड़ी क्योंकि आज का युवा राजनीति से विमुख हो रहा है। राजनीति के क्षेत्र में नये नवेले जन प्रतिनिधि आयेगें तो इससे निश्चित ही राजनीति का स्तर बढ़ेगा। वह लीक से हट कर राजनीति करेंगे।पीएम ने जो कहा है संभवता देश की भी यही इच्छा है,क्योंकि वह भी परिवारवाद और वंशवाद की रानजीति से ऊब चुका है। यह वह युवा होंगे जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं होगी। उनके (युवाओं के) माता-पिता, भाई-बहन, चाचा-चाची, भतीजे कभी भी किसी भी पीढ़ी में राजनीति में नहीं रहे होंगे तो ऐसे



प्रतिभाशाली युवाओं की सोच भी अलग होगी। यह युवा चाहे पंचायत के लिए या फिर नगरपालिका, जिला परिषद या विधानसभा या लोकसभा के लिये चुनाव लड़े,इससे देश को ही फायदा होगा। सबसे बड़ी बात इससे जातिवाद और वंशवाद की राजनीति से छुटकारा मिलेगा।

मौजूदा दौर में बड़े-बड़े राजनीतिक दलों के नेताओं का जैसा व्यवहार दिख रहा है, जिस तरह की भाषा का वह इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे लगता नहीं कि यह नेता राष्ट्र के लिए सुचिंतित और परिपक्व भूमिका निभाने को तैयार हैं। चुनावी अभियान में तो भाषाई मर्यादाएं तार-तार होती होती ही रही हैं।लोकतंत्र के मंदिर में भी यही नजारा देखने को मिलता है। झूठ बोलना और जनता को बरगलाना- भड़काना तो राजनीति की एक जरूरत बन गया है। चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने वाला राजनीतिक तंत्र जिस तरह चिंतन और सोच के स्तर पर निचले पायदान पर पहुंच गये है, उसकी वजह से यह मान लेने में कोई बुराई नहीं है कि राजनीति में अब सुचिता बेईमानी हो गई है।

हमारे नेता यह मानने को तैयार ही नहीं है कि सियासी संग्राम में भाषाई परिपक्वता की कमी को अनदेखा करना चाहिए, लेकिन क्या व्यापक राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर भी चलताऊ और स्तरहीन रवैया अपनाया जाना चाहिए? तमाम दलों के नेताओं का किसी घटना की निंदा या समर्थन अपनी राजनीति के हिसाब से करना या नहीं करना देश और समाज दोनों के लिये खतरनाक है। समाज के एक वर्ग के साथ अपना जुड़ाव दिखाना और दूसरे वर्ग को उपेक्षित रखना समृद्ध लोकतंत्र की निशानी नहीं है। इसका ताजा नजारा तब देखने को मिला जब बांग्लादेश में लोकतांत्रिक रूप् से चुनी गई शेख हसीना सरकार का सैन्य तख्तापलट हो गया। बांग्लादेश के घटनाक्रम के बाद विपक्षी खेमे में मोदी सरकार के खिलाफ बदजुबानी की जैसे प्रतियोगिता चल निकली। इसमें सबसे खतरनाक बयान उन नेताओं का था जो कह रहे थे कि बांग्लादेश जैसे हालात भारत में भी हो सकते हैं। इन नेताओं का इशारा मोदी सरकार के साथ भी ऐसा ही घटनाक्रम होने का संकेत दे रहा था। सबसे पहले कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद का बयान आया। सलमान खुर्शीद ने कहा कि 'जो बांग्लादेश में हो रहा है, वह भारत में भी हो सकता है।'

सलमान खुर्शीद न सिर्फ खानदानी नेता हैं, बल्कि विदेश मंत्री भी रह चुके हैं। इसलिए यह मानने में कोई हर्ज नहीं कि उन्हें कूटनीति की समझ नहीं है। सलमान खुर्शीद के बयान को हल्के में नहीं लिया जा सकता।इसके बाद तो ऐसे बयानों की बाढ़ ही आ गई। सलमान एक तरह से देश की मौजूदा सरकार को बदलने के लिए बांग्लादेश जैसी अराजक राह सुझा रहे थे। वह भारत के मौजूदा सरकार विरोधी मानस को संदेश दे रहे थे कि इसे भी इसी तरह हटाया जा सकता है। याद कीजिए मणिशंकर अय्यर को। वह पाकिस्तान जाकर वहां के लोगों से मोदी को सत्ता से हटाने में सहयोग की मांग कर चुके हैं। सपा महासचिव रामगोपाल यादव ने जो बयान दिया, वह भी राष्ट्र की सामूहिक भावना पर चोट करता है। उन्होंने कहा कि अपने तानाशाह को भी याद रखना चाहिए कि जनता ऐसे फैसला लेती है।आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने तो यहां तक कहा कि जो तानाशाही करेगा, उसे देश छोड़कर जाना होगा।

## वर्ग पहेली 5468



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1988 को इस देश की संविधान सभा ने संविधन को मंजूरी दी (3)
4. निद्रा को जीत लेने के कारण पांडुपुत्र अर्जुन का एक नाम (4)
7. जिसका कोई स्वामी हो (3)
8. रहस्योक्ति, बतौर नायक सत्यजीत की पहली फिल्म (1977)(2)
10. कच्चे आम या इमली आदि से बनाया गया खट्ठा-मीठा पदार्थ (2)
11. कसम, सौगंध, हलफ (3)
13. हिंदू सम्प्रदाय में विवाह की एक रस्म (3)
14. गुणित, प्रहारित, पिटा (2)
15. यह छत्रपति शिवाजी का शस्त्र है, खड्ग (4)
17. सूजी, अत्यंत महीन कण (2)
18. पुराणानुसार यह इंद्र का सारथि था (3)
20. मित्र, दोस्त, सखा, उपपति (2)
21. परस्पर निर्वाह, गुजारा, बसर (3)
23. धनपति, मालदार, जिसके पास अपार संपत्ति हो, धनाढ्य (3)
24. संगीत में स्वर का विस्तार, खींच, स्वर भंगिमा, आलाप (2)

**ऊपर से नीचे**

1. तीतल को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
2. जीवित रहना, जिंदा रहना (2)
3. सराबोर, कीचड़ आदि शरीर पर लगा हुआ (4)
4. क्रिकेट में गेंदबाजी की एक तकनीक (3)
5. वृक्ष की शाखा, अवपातन (2)
6. बिस्मिल्लाखां नाम इस वाद्य के साथ जुड़ा है (4)
10. वेतन, तनख्वाह (3)
11. प्रसिद्ध फिल्मी शायर अखलाक मुहम्मद खान का यह उपनाम है (5)
12. चप्पू, क्षेपणी, हथवांस (4)
13. प्रश्नवाचक (उर्दू)(4)
15. तमाशा देखने वाले, कौतुकदर्शी (4)
16. दुर्व्यसन, बुरी आदत (2)
19. खनिकर्म, खोदने की क्रिया (3)
22. गंतव्य स्थान, संज्ञात, मुकाम (2)

### वर्ग पहेली 5467 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | र | ला | ग्रे | वा | ल | | क |
| र | | ज | ने | त | | क | टि |
| स्व | र | | ड | च | | ल | ब |
| ती | ज | | | क्र | म | ब | द्ध |
| | त | ह | | | त | ल | |
| | ज | या | प्र | दा | | | भू |
| ज | यं | त | | खि | द | म | त |
| पा | ती | | स | ला | म | | ल |

# हाशिये पर अब भी इंतजार करते लोग

(तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता प्रतिपक्ष, बिहार विधानसभा)

पिछले सतहत्तर वर्षों के दौरान हमारे देश में जो प्रगति हुई है, उसमें सभी प्रांतों, वर्गों और समुदायों का बराबरी का योगदान है। इसके बावजूद इस प्रगति से नागरिकों की एक बड़ी आबादी आज भी वंचित है। राष्ट्रीय प्रगति की रफ्तार और स्वरूप अनियमित रहे हैं, इस तर्क से कम ही लोग आज असहमति जता सकते हैं। इसके कारण जनता की एक बड़ी संख्या आर्थिक विषमता की आग में झुलस रही है। हालिया आंकड़े बताते हैं कि राष्ट्रीय आय का 22.6 प्रतिशत हिस्सा आज शीर्ष एक प्रतिशत धनाढ्य भारतीयों की मुट्ठी में है।

नीचे की 50 प्रतिशत आबादी के हाथ, जिसमें गरीब और निम्न मध्यवर्ग के लोग शामिल हैं, राष्ट्रीय आय का केवल 15 प्रतिशत लगता है। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, ऐसी असमानता तो अंग्रेजी शासन के दौरान भी नहीं थी। आजादी के सात दशक बाद भी ऐसी स्थिति बनी हुई है, तो इसका मतलब यह है कि देश में संसाधनों की उतनी कमी नहीं, जितनी उनके आवंटन में समस्या है। अविकसित और अल्पविकसित अर्थव्यवस्थाओं में एक बड़ा अंतर होता है। अविकसित अर्थव्यवस्था में संसाधनों की कमी होती है। दुनिया में कई ऐसे देश हैं, जहां खनिज पदार्थ, कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र, उद्योग इत्यादि भौगोलिक व ऐतिहासिक कारणों से मौजूद नहीं हैं। ऐसे देशों को अपने आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है। लघु उद्योग, पर्यटन जैसे सेवा क्षेत्रों के विकास पर उनका ज्यादा ध्यान रहता है। ऋण और आर्थिक सहायता पर उनकी निर्भरता बढ़ जाती है। मगर अल्पविकसित अर्थव्यवस्थाओं में संसाधनों की कमी नहीं होती। इनमें संसाधनों का नियोजन कुछ इस प्रकार होता है कि उनका फायदा सभी को बराबरी से नहीं मिलता। हमारे देश के कई प्रांत खनिज संपदाओं से संपन्न हैं, पर विडंबना यह है कि इन्हीं राज्यों में सबसे ज्यादा गरीब भी हैं। सोचकर देखिए, जहां अरबों रुपये मूल्य का खनन होता है, वहां गरीबी कैसे हो सकती है? उसी तरह, जहां बांध हैं, वहां पानी की कमी है। जहां बिजली पैदा की जाती है, वहां अंधेरा है।

निस्संदेह, सामाजिक दायरे में कुछ बदलाव आए हैं, पर स्थिति गंभीर ही है।

हमारे यहां जन्म के आधार पर सामाजिक वर्गीकरण की पकड़ इतनी मजबूत है कि वह मृत्युपर्यंत व्यक्ति को अपनी हदों को लांघने की इजाजत नहीं देता। ऊंच-नीच की भावनाओं ने आधुनिकता और तथाकथित आर्थिक विकास के पांच ट्रिलियन वाले सपने के बीचोबीच अपने लिए नए प्रतिमान गढ़ लिए हैं। आए दिन युवक-युवतियों की जाति-समुदाय के नाम पर हत्या होती है। समाज में भेदभाव और द्वेष कम होने के बजाय बढ़ता जा रहा है। हर स्तर पर प्रतिनिधित्व सार्वभौमिक न होकर सांकेतिक है। बहुजन और दलित आबादी ने राजनीतिक क्षेत्र में जो कुछ भी भागीदारी हासिल की है, उसकी आंशिक छवि भी उन संस्थानों में नहीं दिखती, जो मूलत- देश की नीतियों व प्राथमिकताओं के क्रियान्वयन में महती भूमिका निभाते हैं। एक सरसरी नजर ही अपने न्यायालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और कार्यपालिका पर डालने से यह स्पष्ट हो जाता है कि देश की तीन-चौथाई से ज्यादा आबादी की गैर-मौजूदगी वहां किस प्रकार उनके सरोकार को प्रभावित करती है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज आपकी कोई डील फाइनल होगी, जिससे कि आपको खुशी का अनुभव होगा। सरकारी महकमे की तरफ से आपको विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है। आप कमाई के नए साधन तलाशेंगे। समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

### वृषभ

आज नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी, इससे आप नई बिजनेस योजनाएं पर काम करेंगे।

### मिथुन

आज किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट के साथ दिन बिताने से करियर को नई दिशा मिलेगी। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है, आज वही करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी।

### कर्क

आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे, आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा

### सिंह

आज काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म अध्यात्म के मामले पढ़ाई-लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रूकावट डालने की कोशिश करेंगे। नौकरी में बदलाव करना भी फलदायी रहेगा।

### कन्या

आज कार्यस्थल में आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए, इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें।

### तुला

कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नये प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन-जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। सूझबूझ के साथ आर्थिक मामलों पर ध्यान दें।

### वृश्चिक

दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यशील रहें। परिवार में सुख शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। कारोबार में नई जान आएगी।

### धनु

आज बिजनेस के मामले में थोड़ा-सा जोखिम उठाएंगे, तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है।

### मकर

आज भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के करियर के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें।

### कुंभ

आज नौकरी के प्रति सावधानी बरतने का है। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। आपकी अगर कोई परियोजनाएं काफी दिनों से रुकी हुई थी, तो आज वो पूरी हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच-समझकर करें।

### मीन

आज व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक आप कमी रही है। आज आप बिजनेस के मामले में किसी अपने से सलाह लेंगे, तो बेहतर नतीजा निकलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बुलंदशहर : डाकघर अधीक्षक ने खुद को मारी गोली, सीबीआई ने डाक घर पर मारा था छापा



**बुलन्दशहर, एजेंसी।** यूपी के बुलंदशहर में सीबीआई रेड के बाद पोस्ट ऑफिस के सुपरिटेंडेंट ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया है। कल देर शाम पोस्ट ऑफिस में सीबीआई ने रेड डाली थी। जिसके दौरान सीबीआई तमाम डाक्टयमेंट्स अपने साथ ले गई थी। आज डाक अधीक्षक टीपी सिंह ने सुसाइड से पहले पोस्ट ऑफिस के वाट्सएप ग्रुप पर डाला था सुसाइड नोट। बता दें कि सीबीआई की टीम ने 2016 से लेकर अब तक के सभी कर्मचारियों से संबधित दस्तावेजों की गहन जांच की। बताया जा रहा है कि सीबीआई ने डाकघर के एक सेवानिवृत्त कर्मचारी की शिकायत के बाद जांच की। सेवानिवृत्त कर्मचारी ने अपनी शिकायत में डाकघर के अधिकारियों पर भ्रमण भत्ते के बिल पास न करने और पांच लाख रुपये रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। इसके अलावा बताया यह भी जा रहा है कि डाक अधीक्षक द्वारा कर्मचारियों से सारे कामों के लिए रिश्वत मांगी जाती थी। डाकघर अधीक्षक की मौत के बाद से मिले सुसाइड नोट में उन्होंने लिखा है कि कुछ कर्मचारी गलत कार्यों के लिए दबाव बना रहे थे, इसलिए सुसाइड कर रहा हूं। बता दें, शुरुआत में डाकघर के अधिकारियों ने सीबीआई की इस जांच को विजिलेंस टीम की नियमित ऑडिट का हिस्सा बताते हुए खारिज कर दिया था। लेकिन एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि उन्हें सीबीआई के छापेमारी की जानकारी मिली है।

### कानपुर हाईवे पर भीषण सड़क हादसा : नेशनल हाईवे पर गाड़ी और ट्रक के बीच टक्कर,4 की मौत, दो घायल

**इटावा, एजेंसी।** कानपुर हाईवे पर बुधवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। इटावा के इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुए इस हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक महिला और तीन पुरुष शामिल हैं। वहीं, दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। घायलों में एक बच्चा भी शामिल है। इटावा के इकदिल में हुए इस हादसे के पीछे कहा जा रहा है कि कार चालक को झपकी लग गई थी। जिसके चलते वह कार पर संतुलन संभाल नहीं सका। बुधवार सुबह 6.30 बजे हुई इस घटना की सूचना मिलने पर इकदिल पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं, दमकल विभाग को भी घटना की सूचना दी गई। घंटों की मशक्कत के बाद दमकल विभाग के कर्मियों और पुलिस कर्मियों ने कार में फंसे शवों को बाहर निकाला। पोस्टमार्टम के लिए चार शवों को जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, अभी शवों की पहचान नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि दिल्ली से एक परिवार कार में सवार होकर हमीरपुर के लिए निकला था। यहां कार ने सड़क पर खड़े एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इटावा के जिला अस्पताल आपातकालीन विभाग के डॉक्टर के अनुसार, चार पहिया वाहन और ट्रक के बीच टक्कर हो गई। हादसे में एक बच्चा और एक महिला गंभीर रूप से घायल है। 4 शव भी अस्पताल लाए गए हैं। 2 घायलों को सैफई रेफर कर दिया गया है।

### लेटरल एंट्री पर सवाल उठाने के पहले तेजस्वी यादव को होमवर्क करने की जरूरत : रविशंकर प्रसाद

**पटना, एजेंसी।** लेटरल एंट्री को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मोदी सरकार पर हमला बोला है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने पलटवार करते हुए कांग्रेस के शासनकाल में सीधी नियुक्तियों का उल्लेख किया और कहा कि तेजस्वी यादव को अपना होमवर्क करने की जरूरत है। भाजपा नेता ने कहा, तेजस्वी यादव के पिताजी लालू प्रसाद यादव मनमोहन सिंह की सरकार में रेल मंत्री थे। मनमोहन सिंह राजस्व सचिव, वित्त सचिव सीधे बने थे। वह कहां से आए थे, कोई आईएएस-आईपीएस थे क्या? विजय केलकर वित्त सचिव बने वह बाहर से आए थे। मोंटेक सिंह अहलूवालिया कहां से आए थे? उन्होंने कहा कि वित्त विभाग के बड़े-बड़े सचिव भी बाहर से आए थे। कांग्रेस का इतिहास भरा हुआ है। तेजस्वी यादव को होमवर्क करने की जरूरत है। पीएम मोदी ने साफ तौर पर कहा है कि पिछड़ों के हक पर हम कोई हमला नहीं होने देंगे। आरक्षण पर तेजस्वी यादव को बोलने का अधिकार नहीं है क्योंकि आरक्षण का एकमात्र लाभ उनके परिवार ने उठाया है। लेटरल एंट्री को लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी कहा कि यह निर्णय आज का नहीं था, यह कांग्रेस का पाप था। कांग्रेस ने भी इसी तरह मनमोहन सिंह को वित्त सचिव बनाया था।

### बुलेट ट्रेन परियोजना पर तेजी से चल रहा काम

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। गुजरात के नवसारी जिले में नेशनल हाईवे 48 पर 260 मीटर लंबे पीएससी ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। इसके अनुसार, मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर का वायडक्ट गुजरात के नवसारी जिले के अमदपुर गांव में है, जो दिल्ली और चेन्नई के बीच नेशनल हाईवे-48 (गुजरात और महाराष्ट्र से होकर) के उपर से होकर गुजर रहा है।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज, भाजपा ने नियुक्त किए प्रभारी

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ गई है। असेंबली इलेक्शन में जीत दर्ज करने को लेकर रणनीतियां बनाई जा रही हैं। इस बीच, भाजपा ने आगामी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के पूर्व महासचिव राम माधव और केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर पोस्ट करके मंगलवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। चुनाव से पहले राजनीतिक बयानबाजियां भी शुरू हो गई हैं। भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रविंदर रैना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी यहां बैसाखी पर है। हाल हुए लोकसभा चुनावों में उसके एक भी सीट नहीं जीत पाने से यह साबित हो चुका है। रैना के कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर के दौरे से उनकी पार्टी के लिए स्थिति नहीं बदलेगी। कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी जैसी पार्टियों ने कई बार बीजेपी के खिलाफ लड़ने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। उन्होंने दावा किया कि भाजपा जम्मू-कश्मीर में 70 से 80 सीटों पर अपने दम पर विधानसभा चुनाव लड़ेगी। सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा इस बीच, चुनाव आयोग ने जम्मू-



कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक में चुनाव के सुचारू संचालन के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव तीन चरणों में होंगे। पहले चरण के लिए मतदान 18 सितंबर को होगा। मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने चुनाव को लेकर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेने के लिए नागरिक प्रशासन और पुलिस विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक जिले में सीएपीएफ की अतिरिक्त कंपनियों को तैनात करके मजबूत व्यवस्था करने पर जोर दिया।

**18 सितंबर को इन सीटों पर होगा मतदान :** गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग ने आज जम्मू-कश्मीर में पहले चरण में 24 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी की। पंपोर, त्राल, पुलवामा, राजपोरा, जैनापोरा, शोपियां, डी.एच. पोरा, कुलगाम, देवसर, डूरू, कोकरनाग (एसटी), अनंतनाग पश्चिम, अनंतनाग, श्रीगुफवारा-बिजबेहरा, शांगस-अनंतनाग पूर्व, पहलगाम, इंदरवाल, किश्तवाड़, पद्दर-नागसेनी, भद्रवाह, डोडा, डोडा पश्चिम, रामबन और बनिहाल सीटों पर 18 सितंबर को मतदान होंगे। इन सीटों के लिए उम्मीदवार 27 अगस्त तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। नॉमिनेशन की जांच 28 अगस्त को होगी और 30 अगस्त को उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि है।

**3 चरण में होंगे जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव :** जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए तीन चरण में चुनाव होंगे। 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। नतीजे 4 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। इस पूर्ववर्ती राज्य में अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद लगभग एक दशक बाद पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में पहले चरण में 24 सीटों पर जबकि दूसरे और तीसरे चरण में क्रमशः 26 और 40 सीटों पर मतदान होगा। जम्मू-कश्मीर में पिछला विधानसभा चुनाव 2014 के नवंबर-दिसंबर में 5 चरणों में हुआ था। तब यह एक राज्य था और लद्दाख इसका हिस्सा था।

## इसरो कुछ महीनों में करने वाला है बड़ी लॉन्चिंग, सोमनाथ ने दी चंद्रयान-3 जैसी खुशखबरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चंद्रयान-3 को चांद पर लैंड हुए एक साल पूरा होने वाला है। इससे पहले ही इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने बड़ी खुशखबरी दे दी है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी ने अगले चरण के चंद्र मिशन - चंद्रयान 4 और 5 के लिए डिजाइन पूरा कर लिया है और इस सिलसिले में सरकार से मंजूरी लेने की प्रक्रिया में जुटी हुई है।



**क्या है चंद्रयान-4 मिशन :** चंद्रयान-4 मिशन में चंद्रमा की सतह पर सहजता से उपकरण उतारने के बाद पृथ्वी के इस उपग्रह की चट्टानों और मिट्टी को धरती पर लाना, चंद्रमा से एक अंतरिक्ष यान को प्रक्षेपित करना, चंद्रमा की कक्षा में अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग का प्रदर्शन करना और नमूनों को वापस लाना शामिल है। सोमनाथ ने यहां अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और इंडियन स्पेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, हमारे पास चांद पर जाने के लिए कई मिशन हैं। चंद्रयान-3 मिशन पूरा हो चुका है। अब चंद्रयान 4 और 5 का डिजाइन तैयार हो चुका है और हम सरकार से मंजूरी मांग रहे हैं। इससे पहले, इसरो के अधिकारियों ने कहा था कि चंद्रयान-4 मिशन का लक्षित प्रक्षेपण वर्ष 2028 है।

**5 साल में 70 मिशन की तैयारी में इसरो :** सोमनाथ ने यह भी कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी अगले पांच वर्षों में 70 सैटेलाइट्स को लॉन्च करने की योजना बना रही है, जिसमें सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पृथ्वी की निचली कक्षा के लिए उपग्रहों का एक समूह भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इन 70 उपग्रहों में नाविक क्षेत्रीय दिशा सूचक प्रणाली के लिए चार उपग्रह शामिल हैं जो अवस्थिति निर्धारण, दिशा सूचना सेवा प्रदान करेंगे। साथ ही, इनसैट 4डी मौसम उपग्रह, रिसोर्ससैट श्रृंखला के उपग्रह, रिमोट सेंसिंग और उच्च रिजोल्यूशन इमेजिंग के लिए कार्टोसैट उपग्रह शामिल हैं।

## 26 जनवरी को ट्रैक्टर संसद की ओर घुमा देते तो बांग्लादेश की तरह काम निपट जाता: राकेश टिकैत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** किसान नेता राकेश टिकैत ने बांग्लादेश में हुए तख्तापलट पर बात करते हुए भारत में भी ऐसा हाल होने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश जैसा ही हाल तो यहां भी हो रहा है। मीडिया की ओर से बांग्लादेश को लेकर सवाल पूछे जाने पर राकेश टिकैत ने कहा कि वहां 15 साल से जो सत्ता में थे, उन्होंने विपक्ष के सारे नेताओं को जेल में डाल रखा था। अब वो लोग बंद हैं, उन्हें भागने कहां दिया गया। यही हाल अब यहां होगा। ये ढूंढे नहीं मिलेंगे। वह तो अच्छा हुआ कि इन लोगों ने बहका दिया और ट्रैक्टर लेकर लोग लालकिले पर चले गए।

भाकियू लीडर ने कहा कि अगर 26 जनवरी के दिन लाल किले की बजाय ये लोग ट्रैक्टरों को संसद की ओर मोड़ देते तो काम हो जाता। उस दिन लाखों लोग पीछे थे। राकेश टिकैत ने कहा, अगर ये लोग संसद की ओर मुड़ जाते तो उसी दिन सब निपट जाता। अब यह निपटेगा। अब तैयारी है जनता की। जनता इसके लिए तैयार बैठी है। यही नहीं उन्होंने कहा कि अब हम तैयार बैठे हैं। बस इस सरकार को फिर से कुछ गड़बड़ करने दो। इस बार हम कोई चूक नहीं करेंगे। वह तो हमसे उस दौरान चूक हो गई कि संसद की ओर ट्रैक्टरों को नहीं घुमाया। वहीं कोलकाता में डॉक्टर के साथ रेप और नृशंस हत्या का देश भर में विरोध होने पर भी राकेश टिकैत ने सवाल उठाया।

# 'सोलन महापौर को अयोग्य ठहराना पुरुष पक्षपात' सुप्रीम कोर्ट ने नई चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश के सोलन के महापौर पद के लिए नए चुनाव पर रोक लगा दी और निवर्तमान महापौर उषा शर्मा को अयोग्य ठहराए जाने को पुरुष पक्षपात का मामला करार दिया। जस्टिस सूर्यकांत और उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए शर्मा और पूर्व महापौर पूनम ग्रोवर की उस याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें उनकी अयोग्यता को बरकरार रखने के हाई कोर्ट के 25 जून के आदेश को चुनौती दी गई है।

पीठ ने सरकार द्वारा अधिसूचित महापौर और पार्षद के एक पद के लिए नए चुनावों को स्थगित रखने का आदेश देते हुए कहा, ऐसा लगता है कि यह पुरुष पक्षपात का मामला है। पार्षदों ने महापौर पद के लिए एक महिला को चुना और एक पुरुष उम्मीदवार हार गया। इसलिए सभी एक साथ आ गए। कभी नहीं सोचा था कि हिमाचल प्रदेश में ऐसा पक्षपात होगा।

पीठ ने शर्मा और ग्रोवर, जो नगर निगम के वार्ड संख्या 12 और 8 की पार्षद थीं, को अयोग्य ठहराने वाली 10 जून की अधिसूचना को बरकरार रखते हुए हाई कोर्ट द्वारा दिए गए तर्क की भी आलोचना की। शर्मा और ग्रोवर दोनों को सरकार ने 7 दिसंबर, 2023 को महापौर और उप महापौर के चुनाव के दौरान पार्टी के निर्देशों की अवहेलना करने के लिए हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 के प्रावधानों के तहत अयोग्य घोषित कर दिया था।





2020 में स्थापित सोलन नगर निगम के चुनाव पार्टी लाइन पर होते हैं। इस नगरीय निकाय में 17 वार्ड हैं और इन वार्डों के लिए पहला चुनाव अप्रैल 2021 में हुआ था। चुनाव के बाद महापौर और उप महापौर को अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार ढाई साल की अवधि के लिए चुना गया था। महापौर और उप महापौर का कार्यकाल 15 अक्टूबर 2023 को समाप्त होने के बाद, अगले महापौर और उप महापौर के चुनाव के लिए पिछले साल सात दिसंबर को मतदान हुआ था। कांग्रेस पार्टी की शर्मा ने महापौर पद पर जीत हासिल की, जबकि भाजपा की मीरा आनंद उप महापौर चुनी गईं।

कांग्रेस पार्षदों की आंतरिक कलह के बीच जिला कांग्रेस अध्यक्ष और एक पार्षद ने शिकायत की कि शर्मा, ग्रोवर और कुछ अन्य ने मेयर चुनाव के दौरान पार्टी के निर्देशों के खिलाफ जाकर पार्टी उम्मीदवार सरदार सिंह ठाकुर के खिलाफ मत डाला। उन्होंने हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम की धारा 8सी के तहत दलबदल के आधार पर शर्मा, ग्रोवर और कुछ अन्य पार्षदों को अयोग्य ठहराने की मांग की।

## हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत-जापान साझेदारी महत्वपूर्ण : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत और जापान के बीच कई मामलों में परिणाम अपेक्षाओं से भी बेहतर रहे हैं जो दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों के बीच बेहतरीन तालमेल के कारण ही संभव हो पाया है।

राजनाथ सिंह ने आज शाम जापान के रक्षा मंत्री किहारा मिनोरू से मुलाकात के बाद कहा कि दोनों देशों ने साझे हितों के द्विपक्षीय और क्षेत्रीय विषयों के बारे में चर्चा की। हिंद-प्रशांत क्षेत्र को दो महत्वपूर्ण देश होने के नाते, भारत और जापान कई मायनों में इस क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रहरी हैं। इसलिए यह यह साझेदारी क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, हमारे, रक्षा उपकरण और तकनीकी सहयोग के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। साल 2047 में जब हम स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे कर रहे होंगे, उसके लिए हमने विकसित भारत का विजन रखा है। आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए स्वदेशी रक्षा क्षमता का निर्माण



इस विजन का एक अभिन्न अंग है। आज की बैठक में हमने इस क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा अर्थपूर्ण नतीजों पर पहुंचने के लिए, एक-दूसरे के प्रयासों का समर्थन करने के निश्चय को व्यक्त किया है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और जापान का हिंद-प्रशांत पर एक साझा विजन है। क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता के मुद्दों पर सामान्य दृष्टिकोण बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, वर्ष 2023 हमारे रक्षा कार्यों में एक मील का पत्थर साबित हुआ। संयुक्त वार्ता की स्थापना और हमारी वायु सेनाओं के बीच पहला फाइटर अभ्यास वीर गार्जियन हमारे रक्षा बलों के बीच बढ़ते इसी सहयोग का प्रतीक है। पहली बार, सशस्त्र सेनाओं की तीनों ही सेवाओं ने एक ही कैलेंडर वर्ष में संयुक्त अभ्यास किया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि सितंबर 2022 में टोक्यो में पिछली बैठक से लेकर अब तक संतोषजनक प्रगति हुई है। भारत और जापान के बीच तीसरी 2 प्लस 2 वार्ता में विशेष रणनीतिक और वैश्विक पार्टनरशिप को और आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने सभी मंत्रियों, उनके प्रतिनिधि मंडल और कर्मचारियों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि यह वर्ष भारत और जापान दोनों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि दोनों देश अपनी विशेष वैश्विक स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की स्थापना के 10 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। पिछले दशक में रक्षा सहयोग के संबंध में दोनों देशों द्वारा की गई प्रगति पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की।

## कसाब को दिलवा चुके हैं फांसी, अब बदलापुर रेप केस में पैरवी करेंगे उज्जवल निकम

**मुंबई, एजेंसी।** अब तक आतंक और दुष्कर्म जैसे जघन्य मामलों में 628 आरोपियों को आजीवन कारावास और 37 को मौत की सजा दिलवाने वाले उज्जवल निकम बदलापुर केस की पैरवी सरकार की तरफ से करेंगे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने खुद इसकी जानकारी सार्वजनिक की है। डिप्टी सीएम के कार्यालय ने एक्स पर लिखा, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की है कि बदलापुर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना की तेजी से जांच की जाएगी और मामला फास्ट-ट्रैक कोर्ट में जाएगा। वरिष्ठ वकील उज्जवल निकम को विशेष सरकारी वकील नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

उज्जवल निकम ने इससे पहले कई हाई-प्रोफाइल मामलों में बतौर वकील पैरवी की है। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों में पकड़े गए एकमात्र आतंकवादी अजमल कसाब को फांसी के फंदे तक उन्होंने अपनी मजबूत दलीलों से पहुंचाया था। लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य कसाब को नवंबर 2012 में पुणे की यरवदा जेल में फांसी दी गई थी।

देश के चौथे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित उज्जवल निकम ने इस साल मुंबई उत्तर मध्य निर्वाचन क्षेत्र से सत्तारूढ़ भाजपा के लिए लोकसभा चुनाव लड़ा था। हालांकि, उन्हें बेहद करीबी मुकाबले में कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़ ने हरा दिया। इस बीच,



ठाणे जिले के बदलापुर में मंगलवार को दो चार वर्षीय लड़कियों के साथ उनके स्कूल के सफाईकर्मी द्वारा कथित यौन उत्पीड़न के मामले में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ। गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने बदलापुर रेलवे स्टेशन पर धावा बोल दिया और पटरियों को अवरुद्ध कर दिया। भीड़ ने पुलिस के साथ झड़प की और उस स्कूल में तोड़फोड़ की जहां यह अपराध हुआ था। कई घंटों की नाकेबंदी के बाद शाम को पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज किया और पटरियों को खाली कराया।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राज्य के गृह मंत्री फडणवीस ने एफआईआर दर्ज करने में शुरुआती देरी के लिए तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित भी किया है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आरती सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम मामले की जांच करेगी।

# राहुल गांधी बोले- मैं दलितों की रक्षा करने आया हूं, कोलकाता रेप-मर्डर कांड पर बाद में बोलूंगा

**रायबरेली , एजेंसी।** नेशनल डेस्कः लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि वह भविष्य में कोलकाता में डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के मामले पर बोलेंगे, क्योंकि वह दलित युवक की हत्या के मुद्दे से ध्यान भटकाना नहीं चाहते, जिसके लिए वह यहां आए हैं। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें अपराध सिर्फ भाजपा शासित राज्यों में दिखता है। राहुल गांधी मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में थे, जहां नसीराबाद थाना क्षेत्र के भुवालपुर सिसनी गांव में 11 अगस्त को कुछ स्थानीय लोगों के साथ विवाद के बाद अर्जुन पासी (22) नामक एक दलित युवक की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। अर्जुन पासी के परिजनों से मिलने के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान जब उनसे कोलकाता में एक प्रशिक्षु चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या के मामले के बारे में पूछा गया तो गांधी ने कहा, मैं इस घटना (दलित की हत्या) के लिए यहां (रायबरेली) आया हूं। उन्होंने कहा, मैंने कोलकाता की घटना पर टिप्पणी की है और अपने विचार रखे हैं। मैं इस घटना (दलित युवक की हत्या) से ध्यान भटकाना नहीं चाहता, इसलिए मैं इस मुद्दे को उठाने यहां आया हूं। उन्होंने मीडिया से



कहा, मैं जानता हूं कि आप नहीं चाहते कि इस मुद्दे को भटकाया जाए और इसे उजागर न किया जाए क्योंकि आप नहीं चाहते कि दलितों के मुद्दों को उठाया जाए। मैं यहां दलितों की रक्षा करने, उनके मुद्दों को उठाने आया हूं। मैं इस मामले से ध्यान भटकने नहीं दूंगा। उन्होंने कहा, मैं कोलकाता मामले पर आगे आने वाले समय पर बोलूंगा। नौ अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सेमिनार कक्ष के अंदर एक प्रशिक्षु डॉक्टर का शव मिला था, जिसके बाद अगले दिन पुलिस ने बलात्कार के बाद हत्या की घटना में कथित संलिप्तता के लिए व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। राहुल गांधी के बयान पर भारतीय जनता पार्टी की उप्र इकाई ने 'एक्स पर किये गये एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस के शहजादे जिनकी देश में नेता विपक्ष की भूमिका है, लेकिन जनता के लिए इन्होंने दोहरे मापदंड निर्धारित कर रखे हैं। भाजपा ने इसी पोस्ट में राहुल गांधी के बयान का 12 सेकंड का एक वीडियो साझा करते हुए कहा, इनको अपराध सिर्फ भाजपा शासित राज्यों में दिखता है। पश्चिम बंगाल में हुई जघन्य घटना पर इनके मुंह से एक शब्द नहीं निकलता, पत्रकारों के सवाल पूछने पर बेशर्मी पूर्ण जवाब आता है।

**बलौदाबाजार हिंसा में गिरफ्तार कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को कोर्ट से भी झटका, जमानत नहीं : रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार कलेक्टोरेट में हुए हिंसक प्रदर्शन मामले में गिरफ्तार भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड को कोर्ट ने 7 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। मंगलवार को जिला सत्र न्यायालय बलौदाबाजार में न्यायाधीश अजय खाखा की अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई हुई। कोर्ट ने कांग्रेस विधायक देवेंद्र की जमानत याचिका खारिज करते हुए न्यायिक रिमांड अवधि को आगे बढ़ा दिया है। फिलहाल रूदेवेंद्र यादव अभी जेल में ही रहेंगे। मंगलवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव सहित 15 कांग्रेसी नेता विधायक देवेंद्र यादव से मिलने रायपुर सेंट्रल जेल गए थे। उधर बलौदाबाजार जिला सत्र न्यायालय ने विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड को 7 दिनों के लिए बढ़ा दिया। अब वे 27 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में जेल में बंद रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### टी20 के बाद टेस्ट क्रिकेट से भी होगी केएल राहुल की छुट्टी!



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज़ केएल राहुल का नाम धीरे-धीरे टीम इंडिया से गायब होता जा रहा है. टी20 टीम से पहले ही राहुल को दूर किया जा चुका है और अब उन्हें टेस्ट टीम से भी बाहर करने की प्लानिंग होती दिख रही है. भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज़ आकाश चोपड़ा ने समझाया कि कैसे केएल राहुल को टेस्ट टीम के बाहर किया जा सकता है.

बता दें कि 5 सितंबर से दिलीप ट्रॉफी खेली जानी है. इस ट्रॉफी में कई ऐसे भारतीय खिलाड़ी खेलते हुए दिखाई देंगे, जो अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में धमाल मचा रहे हैं. दिलीप ट्रॉफी खेलने की लिस्ट में केएल राहुल का नाम भी शामिल है. बीसीसीआई ने दिलीप ट्रॉफी के लिए चार टीमों का एलान किया था, जिसमें केएल राहुल टीम ए का हिस्सा हैं. इस टीम में राहुल के साथ विकेटकीपर बल्लेबाज़ ध्रुव जुरेल भी मौजूद हैं, जिस पर आकाश चोपड़ा ने चिंता जताते हुए चौंका देने वाला गणित समझाया.

अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए आकाश चोपड़ा ने कहा, केएल राहुल दिलीप ट्रॉफी की उसी टीम में हैं, जिसमें ध्रुव जुरेल भी हैं. मुझे लगता है कि ध्रवु जुरेल विकेटकीपर के रूप में खेलेंगे जिसका मतलब केएल राहुल आपके टेस्ट विकेटकीपर नहीं होंगे.

#### टी20 टीम से हो चुकी है छुट्टी

भारतीय पुरुष टीम के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ने अपनी एक प्रेस कॉन्फ्रेस में कहा था कि सिलेक्शन कमेटी राहुल को टी20 टीम के सेटअप में फिलहाल नहीं देख रही है. राहुल को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भी नहीं चुना गया था. इसके अलावा श्रीलंका दौरे पर हुई टी20 सीरीज़ से भी राहुल का नाम गायब था. राहुल ने टीम इंडिया के लिए आखिरी टी20 इंटरनेशनल मुकाबला नवंबर, 2022 में खेला था, जो 2022 टी20 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल था. अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या राहुल की टी20 में वापसी होती है या फिर उनकी हमेशा के लिए छुट्टी हो गई.

## विश्व कुश्ती चैंपियनशिप

### भारत के रौनक दहिया ने जीता कांस्य, ग्रीको-रोमन के 110 किग्रा वर्ग में मिला पदक



**अम्मान (जॉर्डन), एजेंसी।** भारत के रौनक दहिया ने यहां चल रही अंडर17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में 110 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग में कांस्य पदक जीता।

कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में रौनक ने मंगलवार को चैंपियनशिप में तुर्किये के इमरुल्लाह कैपकन को आसानी से 6-1 से हरा दिया। यह भारत का इस टूर्नामेंट में पहला पदक रहा। रौनक वर्तमान में अपने आयु-समूह भार वर्ग में दुनिया में दूसरे स्थान पर हैं। इससे पहले रौनक सेमीफाइनल में हंगरी के रजत पदक विजेता जेल्टन कजाको से हार गए थे। इस वर्ग में स्वर्ण यूक्रेन के इवान यानकोवस्की ने जीता, जिन्होंने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर कजाको को 13-4 से हराया।

सिंकफ़ील्ड कप शतरंज




# गुकेश और डिंग लीरेंन के बीच बेनतीजा रही बाजी

**सेंट लुईस, एजेंसी।** ग्रांड चैस टूर के अंतिम पड़ाव और ग्रांड फिनाले सिंकफील्ड कप क्लासिकल शतरंज सुपर ग्रांड मास्टर्स टूर्नामेंट के पहले राउंड मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लीरेन और भारत के डी गुकेश के बीच मुकाबला खेला गया , सफेद मोहोरो से खेलते हुए डिंग नें इटेलिअन ओपनिंग में खेल की अच्छी शुरुआत की और जबाब में गुकेश नें भी सटीक चाले चलते हुए 17 चालों तक खेल बराबरी पर रखा. हालांकि इसके बाद गुकेश नें अपने स्वभाव अनुसार थोड़ा खतरा उठाते हुए केंद्र के प्यादो से डिंग पर बड़त बनाने की कोशिश की पर डिंग नें गुकेश के राजा पर हमला करते हुए 19 चाल तक गुकेश पर दबाव बनाने की कोशिश की हालांकि अंत में कुछ खास ना होते देख 22वीं चाल में डिंग नें पहले अपना ऊंट और फिर 23वीं चाल में अपना हाथी कुर्बान करते हुए गुकेश को राजा को अपने वजीर से लगातार शह देते हुए मैच को ड्रॉ करा लिया । नवंबर में होने वाली विश्व शतरंज चैंपियनशिप के ठीक पहले यह गुकेश और डिंग के बीच संभवतः आखिरी मुकाबला था ।

पहले दिन हुए मुकाबलों में सिर्फ एक परिणाम सामने आया जब अलीरेजा फिरौजा नें टॉप सीड यूएसए के फबियानों करूआना को मात देते हुए अपना पहला अंक बनाया । अन्य मुकाबलों में भारत के आर प्रज्ञानन्दा उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से , रूस के यान नेपोमनिशी फ्रांस के मकसीम लागरेव से और यूएसए के वेसली सो नीदरलैंड के अनीश गिरि से बाजी ड्रॉ खेली ।

सिंकिफील्ड कप में कुल पुरुस्कार राशि 3 लाख 50 हजार डॉलर रखी गयी है, 19 अगस्त से शुरू हुआ यह टूर्नामेंट 28 अगस्त तक 10 खिलाड़ियों के बीच यह टूर्नामेंट राउंड रॉबिन आधार पर 9 राउंड में खेला जाएगा

## चैम्पियनशिप ट्रॉफी-2025

# क्या वनडे में रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल को ओपनिंग करनी चाहिए?

### दिनेश कार्तिक ने बताया चैंपियंस ट्रॉफी में कौन होगा ओपनर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** यशस्वी जायसवाल ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शानदार शुरुआत की, लेकिन उन्हें अभी तक एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का मौका नहीं मिला है।

दिनेश कार्तिक के अनुसार 22 साल के इस युवा खिलाड़ी वनडे में मौके के लिए इंतजार करना होगा। वह बैकअप ओपनर हो सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में कप्तान रोहित शर्मा के साथ शुभमन गिल पारी की शुरुआत करना जारी रखेंगे। दिनेश कार्तिक से सवाल हुआ कि रोहित शर्मा चाहते हैं कि टीम पावरप्ले में अग्रेसिव क्रिकेट खेले। क्या यशस्वी जायसवाल को रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग का मौका देना चाहिए और शुभमन गिल को मिडिल ऑर्डर में खिलाना चाहिए? भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा, क्यों? रोहित और शुभमन की जोड़ी बेहतरीन है। हां, जायसवाल के पास बैकअप ओपनर बनने का शानदार मौका है और अगर शुभमन उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं करते हैं तो उन्हें जल्द ही मौका मिल जाएगा। इसके अलावा भारत के पास बहुत मजबूत मध्यक्रम भी है।

**चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित और शुभमन ही ओपनिंग करेंगे**

कार्तिक ने आगे कहा, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत को तीन और मैच खेलने वाला है। और मुझे पूरा भरोसा है कि चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित और शुभमन ही ओपनिंग करेंगे। पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाल चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत को फरवरी में इंग्लैंड से घर पर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है।

# जय शाह को अब मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के मौजूदा चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने 30 नवंबर को अपना कार्यकाल समाप्त होने के बाद तीसरे कार्यकाल के लिए दौड़ से खुद को बाहर कर लिया है। इस फैसले के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह के आईसीसी चेयरमैन बनने की संभावनाओं को लेकर चर्चा तेज हो गई है। ग्रेग बार्कले का फैसला- ग्रेग बार्कले ने पुष्टि की है कि वे तीसरे कार्यकाल के लिए उम्मीदवार नहीं होंगे। बार्कले ने 2020 में आईसीसी के स्वतंत्र अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला था और 2022 में फिर से चुने गए थे।

**जय शाह की दावेदारी-** जय शाह के आईसीसी चेयरमैन बनने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। उनकी दावेदारी की पुष्टि 27 अगस्त तक होगी, जो नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख है। अगर शाह चुनाव में सफल होते हैं, तो उनका कार्यकाल 1 दिसंबर 2024 से शुरू होगा।

आईसीसी चेयरमैन के चुनाव के नियम- आईसीसी के चुनाव में 16 वोट होते हैं और विजेता के लिए 51त्न साधारण बहुमत आवश्यक होता है। पहले दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती थी।

**जय शाह का प्रभाव-** शाह आईसीसी के बोर्ड में एक प्रभावशाली सदस्य माने जाते हैं और वर्तमान में आईसीसी की वित्त और वाणिज्यिक मामलों की उप समिति के प्रमुख हैं। उनके कई सदस्यों के साथ अच्छे संबंध हैं, जो उनकी उम्मीदवारी को मजबूत बनाते हैं।

# बुमराह संभवतः विश्व क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ मल्टी-फॉर्मेट गेंदबाज हैं : पोंटिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हाल के दिनों में विश्व क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ मल्टी-फॉर्मेट गेंदबाज हैं। 30 वर्षीय खिलाड़ी 2022 में अपनी चोटों के बावजूद एक बेहतर खिलाड़ी बनकर उभरा है। इस साल की शुरुआत में भारत के सफल आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 अभियान में बुमराह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे और तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज (15 विकेट) रहे और टीम में सबसे किफायती गेंदबाज (4.17) थे। वह वनडे और टेस्ट में भी समान रूप से प्रभावी रहे हैं, 50 ओवर के प्रारूप में आठवें स्थान पर और लाल गेंद से जोश हेज़लवुड के साथ दूसरे स्थान पर हैं।



बुमराह 2022 में पीठ की चोट से जूझते रहे - इसने उन्हें एशिया कप और आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से बाहर कर दिया। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा, मैंने इसे लंबे समय से कहा है, वह पिछले पांच या छह वर्षों से विश्व क्रिकेट में शायद सबसे अच्छा मल्टी-फॉर्मेट गेंदबाज है। 11 महीने तक बाहर रहने के बाद, बुमराह पिछले साल आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की टीम में थे, जहां उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें टूर्नामेंट की आधिकारिक आईसीसी टीम में पहुंचा दिया. पोंटिंग का मानना है कि चोटों के बावजूद बुमराह ने पहले से बेहतर वापसी की है। पोंटिंग ने कहा, कुछ साल पहले कुछ आशंकाएं रही होंगी जब चोटें आई थीं और क्या वह उसी तरह वापस आएगा?, लेकिन मुझे लगता है कि वह वास्तव में बेहतर तरीके से वापस आया है।अगर मैं देखूं कि उसने टी20 विश्व कप में क्या किया था ‌ गति अभी भी है, सटीकता या वह जो दे सकता है उसमें कोई बदलाव नहीं आया है। कौशल सेट सभी समान है. वह साल दर साल बेहतर होता जा रहा है। तो, वह वहीं ऊपर रैंक करेगा। अनुभवी बल्लेबाज ने बुमराह की तुलना तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा और जेम्स एंडरसन से की। उन्होंने कहा, इन खिलाड़ियों पर वास्तविक आकलन पाने का सबसे अच्छा तरीका (अन्य) खिलाड़ियों से पूछना है और जब आप विशेष रूप से उसके (बुमराह) के बारे में विपक्षी बल्लेबाजों से बात करते हैं, तो यह हमेशा होता है, नहीं, वह एक बुरा सपना है! आप कभी नहीं जानते कि क्या होने वाला है। कोई स्विंग करेगा, कोई सीम करेगा, वह इन-स्विंगर गेंदबाजी करेगा, वह आउट-स्विंगर गेंदबाजी करेगा और निरंतरता वहां है।

ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने निष्कर्ष निकाला, तो जब आपके पास वह कौशल और वह निरंतरता है जो उसके पास है, तो आप एक महान खिलाड़ी बनने जा रहे हैं। (ग्लेन) मैक्ग्रा को देखो, (जेम्स) एंडरसन को देखो, ये लोग, उनकी लंबी उम्र और इतने लंबे समय तक टिके रहने में सक्षम उनका कौशल ही उन्हें बाकियों से अलग करता है।

# मनु ने छात्रों को खेलों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया

**चेन्नई, एजेंसी।** हरियाणा की 22 साल की निशानेबाज मनु ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक अपने नाम किए। वह ओलंपिक के किसी एक सत्र में दो पदक जीतने वाली देश की पहली खिलाड़ी हैं।

ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ स्वदेश लौटी भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने मंगलवार को एक स्कूल में सम्मानित होने के बाद छात्रों को खेलों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इससे जिंदगी अच्छी बनाई जा सकती है। हरियाणा की इस 22 साल की निशानेबाज ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक अपने नाम किए। वह ओलंपिक के किसी एक सत्र में दो पदक जीतने वाली देश की पहली खिलाड़ी हैं।



टोक्यो की निराशा के बाद आत्मविश्वास हासिल करना मुश्किल था

मनु ने कहा, टोक्यो ओलंपिक में निराशा मिलने के बाद मेरे लिए फिर से आत्मविश्वास हासिल करना काफी मुश्किल था। मैं उस समय विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर थी लेकिन अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। मैं विफलता के बाद सफलता के स्वाद को जानती हूं। खेलों की यही खूबसूरती है। आप एक प्रतियोगिता में हारते है तो दूसरे में जीतते है। लेकिन ऐसा तभी होगा जब आप लगातार कड़ी मेहनत करना जारी रखेंगे।

मनु ने युवा छात्रों से खेल को करियर विकल्प के रूप में अपनाने की सलाह देने के साथ बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, हमें बहुत कड़ी मेहनत और प्रयास करना चाहिए। यह हमेशा किसी बड़े लक्ष्य के साथ शुरू नहीं होता है, आपको इसे हासिल करने के लिए निरंतर काम करते रहना होता है। आप अगर बड़े सपने देख सकते हैं, तो आप बड़ा हासिल कर सकते हैं। इसलिए, हमेशा बड़े सपने देखने से शुरुआत करें। मैं हमेशा अपने आप से कहती हूं कि चाहे मैं किसी भी प्रतियोगिता में जीतूं या हारूं, मैं हमेशा अपना मनोबल बनाए रखूंगी। हमारे पास करियर के कई विकल्प हैं। आपको डॉक्टर या इंजीनियर बनने की जरूरत नहीं है। खिलाड़ियों का जीवन एक सुंदर जीवन है। वित्तीय सहायता से लेकर किसी भी तरह की मदद तक, आपको खेल में सब कुछ मिलता है।

### प्रियांश आर्य की शानदार पारी, डीपीएल में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स की लगातार दूसरी जीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रियांश आर्य की 51 गेंदों में 82 रन की शानदार पारी की बदौलत साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने यहां दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट में सेंट्रल दिल्ली किंग्स को छह विकेट से हराया। सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद ध्रुव कौशिक (56) और यश ढुल (52) के अर्धशतकों की मदद से सात विकेट पर 176 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने हालांकि आर्य और आयुष बडोनी (42) के बीच 101 रन की साझेदारी की बदौलत चार विकेट पर 177 रन बनाकर पांच गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर दिया। आर्य ने 32 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है।

# स्मिथ ने लिया चैलेंजः बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत को हराकर इतिहास रचेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024 की शुरुआत होने जा रही है. इस ट्रॉफी के लिए भारत ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा. ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने खुद को अपकमिंग बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए तैयार कर लिया है.

उन्होंने पिछले एक दशक से भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाने की भरपाई के लिए इस सीरीज को जीतने की चुनौती ली है.

**स्मिथ ने ट्रॉफी की रोमांचक होने की भविष्यवाणी की:** इस बार 1991-92 के बाद पहली बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के तौर पर खेली जाएगी.



स्टीव स्मिथ ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा कि इतनी लंबी सीरीज में हर टीम को खुद को साबित करना होता है.

उन्होंने कहा- पांच मैचों की सीरीज में आप छिप नहीं सकते, जैसा कि आप शायद दो मैचों की सीरीज में कर सकते हैं. अगर कोई खिलाड़ी आप पर हावी हो जाता है तो वापसी करना मुश्किल हो सकता है. यह एक रोमांचक सीरीज होगी.

**स्मिथ ने ली है सीरीज को जीतने की चुनौती:** स्टीव स्मिथ के लिए यह सीरीज खास मायने रखती है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया पिछले दस सालों से भारत के खिलाफ ट्रॉफी जीतने में नाकाम रहा है. उन्होंने कहा- हम इस समय टेस्ट क्रिकेट में दो बेस्ट टीमें हैं.

हमने पिछले साल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला था और वहां जीत हासिल की थी. इस बार हमें अपने ही घर में बाजी पलटनी होगी. हमें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीते हुए दस साल हो गए हैं, इसलिए इस साल हमें यह करना होगा.

# भारतीय पैरालंपिक एथलीटों का पहला दल हुआ पेरिस रवाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पैरा-एथलीटों और अधिकारियों का पहला दल पेरिस पैरालंपिक 2024 की तैयारी के लिए फ्रांस के लिए रवाना हो गया है। इस दल में चार पैरा-एथलीट शामिल हैं जो विभिन्न एथलेटिक स्पर्धाओं में प्रदर्शन करेंगे। इन एथलीटों में प्रीति पाल (टी12 एथलेटिक्स श्रेणी), सिमरन (टी12 एथलेटिक्स श्रेणी), मोहम्मद यासर (एफ46 शॉट पुट), रवि रंगोली (पुरुष शॉट पुट एफ40) शामिल हैं।

एथलीटों के साथ पैरा एथलेटिक्स के मुख्य कोच सत्यनारायण और भारतीय पैरालंपिक समिति के मुख्यकार्यकारी राहुल स्वामी भी हैं।



इससे दल को पेरिस में स्थानीय परिस्थितियों और मौसम के अनुकूल ढलने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और सहायता मिलेगी। इस बार 84 एथलीटों का भारतीय दल 12 स्पर्धाओं में हिस्सा लेगा। यह अब तक सबसे बड़ा दल है।

## संक्षिप्त समाचार

### उड़ान भरते ही बिजली के खंभे से टकराया विमान, सवार सभी लोगों की मौत



**टेक्सास, एजेंसी।** अमेरिका में पश्चिमी टेक्सास के पास मंगलवार को एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में सवार दोनों लोगों पायलट और एक यात्री की मौत हो गई तथा एक महिला घायल हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ओडेसा हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद विमान अधिक ऊंचाई तक नहीं जा सका और बिजली के खंभे से टकरा गया इसके बाद करीब सात बजे एक गली में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में विमान सवार दोनों लोगों की मौत हो गई। एक्टर काउंटी के शेरिफ माइक ग्रिफिस ने कहा, ''स्पष्ट रूप से पायलट ने घरों को बचाने का प्रयास किया था। उन्होंने बताया कि विमान दुर्घटना के बाद कुछ विस्फोट हुए और विमान का मलबा नीचे गिरा जिससे कुछ मकानों में भीषण आग लग गई। ओडेसा दमकल विभाग के प्रमुख जेसन कॉटन ने बताया कि एक जलते हुए घर से एक घायल महिला को बचाया गया और उसे अस्पताल ले जाया गया। आग से वाहनों, तारबंदी और एक रेस्तरां को भी नुकसान पहुंचा है। टेक्सास लोक सुरक्षा विभाग ने पायलट की पहचान ह्यूस्टन के उपनगर बेलेयर निवासी जोसेफ विंसेंट सुम्मा (48) के रूप में की और यात्री की पहचान ह्यूस्टन के पूर्व में स्थित ऑरेंज निवासी जोलीन कैवेरेटा वेदरली (49) के रूप में की है। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने कहा कि विमान सेसना साइटेशन बिजनेस जेट था। एफएए और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड मामले की जांच करेंगे।

### ट्रंप में कोई नैतिकता नहीं है; कमला हैरिस बोलीं- डेमोक्रेटिक पार्टी से नामांकित होना सम्मान की बात



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के शिकागो में शुरू हुए डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन का आज दूसरा दिन है। दूसरे दिन राष्ट्रपति जो बाइडन ने पार्टी समर्थकों को संबोधित किया और कमला हैरिस को अगले राष्ट्रपति के रूप में नामांकित किया। इस दौरान डेमोक्रेट पार्टी के कई अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। वहीं राष्ट्रपति पद के लिए पार्टी की तरफ से नामांकित होने पर कमला हैरिस ने कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है। कमला हैरिस ने पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के लिए नामांकित किए जाने पर खुशी जताते हुए कहा कि हम नामांकित किए जाने से बेहद सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हम दो दिन बाद आपसे मिलते हैं। दरअसल कमला हैरिस ने एक वीडियो लिंक के जरिए यह संदेश दिया क्योंकि वह फिलहाल मिलवौकी में एक रैली में शामिल हुई थी। डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता बर्नी सेंडर्स ने कहा कि हमें बड़ी फार्मा, तेल कंपनियों और तकनीकी कंपनियों के दबदबे के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। बर्नी सेंडर्स ने जो बाइडन और कमला हैरिस के कार्यकाल की तारीफ की। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव रहीं स्टेफिनी ग्रीश्म ने डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन के दौरान पूर्व राष्ट्रपति पर तीखा हमला बोला। ग्रीश्म ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप में किसी के प्रति कोई सहानुभूति, नैतिकता या सच्चाई के प्रति निष्ठा का भाव नहीं है। स्टेफनी ने ये भी कहा कि ट्रंप के मन में अपने समर्थकों के प्रति भी सम्मान नहीं है और वे उन्हें तहखाने में रहने वाले लोग कहते हैं। स्टेफनी ने ये भी कहा कि जब 6 जनवरी 2021 को दंगे हुए थे तो उस वक्त उन्होंने ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप से पूछा था क्या हम लोग एक ट्वीट कर दें कि हिंसा और अराजकता के लिए कोई जगह नहीं है।

### पाकिस्तानी तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस ईरान में पलटी, हादसे में 35 लोगों की मौत, 18 घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** डॉन न्यूज टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के यज्द में एक चेकपोस्ट पर बस पलटने से कम से कम 35 पाकिस्तानी तीर्थयात्रियों की मौत हो गई है और 18 लोग घायल हो गए हैं। सरकारी समाचार एजेंसी इरना के मुताबिक, स्थानीय आपातकालीन अधिकारी मोहम्मद अली मालेकज़ादेह ने बताया है, कि दुर्घटना मंगलवार रात मध्य ईरानी प्रांत यज्द में हुई। तीर्थयात्री अरबईन की याद में इराक जा रहे थे, जो 7वीं शताब्दी में एक शिया मौलवी की मृत्यु के 40वें दिन मनाया जाता है। दूसरी तरफ, ईरान की मेहर न्यूज़ एजेंसी ने कहा कि दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 28 है और घायलों के इलाज के लिए शहर भर के अस्पतालों में आपातकाल लगा दिया गया है। ईरानी मीडिया के अनुसार, बस ताफ्तान-देहशीर चेक पॉइंट के पास पलट गई और उसमें आग लग गई। बस में 53 यात्री सवार थे और यह दुर्घटना कल रात हुई। पुलिस और बचाव अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और शवों और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। लारकाना के रहने वाले क़ोम मदरसा के छात्र मौलाना शाह मुराद शरीफी ने जियो टीवी से बात करते हुए कहा, कि तीर्थयात्रियों के काफिले में दो बसें शामिल थी, वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा, कि पांच से छह लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

# पाकिस्तान में ईशनिंदा से जुड़े फैसले का विरोध :सुप्रीम कोर्ट में घुसे हजारों लोग

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सैकड़ों कट्टरपंथियों की भीड़ ने सुप्रीम कोर्ट पर धावा बोल दिया। वे पाकिस्तान के चीफ जस्टिस काजी फैज ईसा के ईशनिंदा से जुड़े एक फैसले पर नाराज थे। उन्होंने एक अहमदिया व्यक्ति को राइट टु रिलीजन के तहत ईशनिंदा के आरोपों से बरी कर दिया था। घटना सोमवार की है, लेकिन मीडिया पर इसका वीडियो अब सामने आया है।

पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ प्रदर्शन का नेतृत्व आलमी मजलिस तहफ्फुज-ए-नबूवत कर रही थी। इसमें उनका साथ जमात-ए-इस्लामी और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के नेता भी दे रहे थे। वे पाकिस्तान के चीफ जस्टिस का इस्तीफा मांग रहे थे। उनकी यह भी मांग थी कि अदालत अपने फैसले को पलट दे।

हजारों प्रदर्शनकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के बाहर सुरक्षा घेरे को तोड़ दिया। वे इमारत के नजदीक पहुंच गए। उन्हें कोर्ट में घुसने से रोकने के लिए पुलिस ने वॉटर कैनन, आंसू गैस और लाठीचार्ज का सहारा लिया। अब प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे संगठन आलमी मजलिस ने सुप्रीम को अपने फैसले की समीक्षा के लिए 7 सितंबर तक का वक्त दिया है।



**अहमदिया शख्स रिहा, इससे ही शुरू हुआ विवाद :** जियो टीवी के मुताबिक इस विवाद की शुरुआत 6 फरवरी 2024 को सुप्रीम कोर्ट के एक ऐतिहासिक फैसले से हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने अहमदिया समुदाय के मुबारक अहमद सानी को रिहा करने का आदेश दिया था। सानी को 7 जनवरी 2023 में गिरफ्तार किया गया था। सानी पर आरोप था कि उसने 2019 में एक कॉलेज में एफसीर-ए-सगीर बांटा था।

एफसीर-ए-सगीर, अहमदिया समुदाय से जुड़ी एक धार्मिक किताब है। इसमें अहमदिया संप्रदाय के संस्थापक के बेटे मिर्जा बशीर अहमद ने कुरान की व्याख्या अपने हिसाब से की है। सानी को कुरान (प्रिंटिंग एंड रिकॉर्डिंग) (संशोधन) एक्ट, 2021 के तहत गिरफ्तार किया गया था।

सानी ने अदालत में दलील दी कि उसे जिस एक्ट के तहत सजा दी जा रही है वह 2019 में था ही नहीं। वह तब अपने धर्म से जुड़ी किताब का प्रचार करने के लिए आजाद था। सुप्रीम कोर्ट ने सानी की दलील पर सहमति जताई और उसे रिहा कर दिया।

अदालत के इस फैसले पर शुरुआत में कोई खास रिएक्शन नहीं देखा गया, लेकिन एक कट्टरपंथी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान ने इसे भुनाना शुरू किया। उन्होंने अदालत के फैसले के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभियान चलाया। जगह-जगह प्रदर्शन शुरू होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को लेकर 24 जुलाई को अपनी सफाई दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वे यह मानते हैं कि अहमदिया समुदाय धर्मभ्रष्ट है। वे खुद को मुसलमान नहीं कह सकते। वे अपने धार्मिक विचारों का प्रचार-प्रसार अपनी मस्जिदों से बाहर नहीं कर सकते हैं, लेकिन 6 फरवरी को दिया गया उनका फैसला कानून के मुताबिक सही था। वे किसी को भी उस अपराध की सजा नहीं दे सकते जो उसने किया ही नहीं। सानी ने जो किया वह 2021 से पहले अपराध नहीं था।

**सुप्रीम कोर्ट की सफाई ने गुस्से को और भड़काया :** सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से पाकिस्तानी के धार्मिक संगठन नाराज हो गए। उन्होंने इसकी अलग तरह से व्याख्या की। उन्होंने कहा कि अदालत ने यह माना है कि अहमदिया समुदाय अपनी मस्जिदों के बाहर धर्म का प्रचार-प्रसार नहीं कर सकते हैं, इसका मतलब यह है कि वे अपनी मस्जिद में अपने मजहब का पालन कर सकते हैं। कट्टरपंथियों का कहना था कि अहमदिया समुदाय को अपने घर, मस्जिद या कहीं भी किसी भी तरह से अपने मजहब की पूजा करने, उनका प्रचार-प्रसार करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि उनका मजहब सीधे-सीधे पैगंबर मुहम्मद, इस्लाम और कुरान का अपमान करता है।

अब छुद्धस्र के नेता मौलाना अब्दुल गफूर हैदरी ने चेतावनी दी है कि अगर सुप्रीम कोर्ट अहमदिया समुदाय को उनकी मस्जिदों या फिर कहीं और उनके धर्म का प्रचार-प्रसार करने की अनुमति देने के अपने फैसले की समीक्षा नहीं करता है तो इस्लामाद में अशांति फैल जाएगी। उन्होंने कहा कि अहमदियों को अपने मजहब का प्रचार करने की इजाजत देकर संविधान का उल्लंघन किया गया है।

## संयुक्त राष्ट्र का आरोप- ईरानी नोबेल विजेता को चिकित्सा देखभाल से वंचित रखा, एविन जेल में बंद हैं नर्गेस

**जिनेवा, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को पर नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नर्गेस मोहम्मदी को चिकित्सा देखभाल से वंचित करने का आरोप लगाया। यूएन विशेषज्ञों ने कहा, छह अगस्त को एविन में मोहम्मदी को कथित तौर पर शारीरिक हिंसा का शिकार बनाया गया। बेहोशी के दौरान उनकी पसलियों और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं।



हालांकि, ईरानी अधिकारियों ने जेल में टकराव की बात तो स्वीकार कर ली, लेकिन मोहम्मदी पर उकसावे का आरोप लगाया। वहीं, जेल में किसी भी कैदी को पीटे जाने से इन्कार कर दिया। मानवाधिकार कार्यकर्ता और नोबेल पुरस्कार विजेता 52 वर्षीय नर्गेस मोहम्मदी नवंबर 2021 से तेहरान की एविन जेल में बंद हैं। उन्होंने पिछले एक दशक का समय जेल के अंदर और बाहर बिताया है। उनके परिवार ने अगस्त की शुरुआत में आरोप लगाया था कि जेल में झड़पों के दौरान नर्गेस भी अन्य महिला कैदियों के साथ घायल हो गईं। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने एक संयुक्त बयान में कहा, नर्गेस मोहम्मदी की शारीरिक और मानसिक अखंडता के बारे में हमारी गहरी चिंताओं से ईरानी सरकार को अवगत करा दिया गया है। एक बार फिर हम ईरानी अधिकारियों से उसे तुरंत रिहा करने और अन्य बंदियों के साथ बिना किसी देरी के पूर्ण चिकित्सा देखभाल उपलब्ध कराने का आह्वान करते हैं। यूएन विशेषज्ञों का कहना है कि चिकित्सा विशेषज्ञों और स्कैन परीक्षाओं के अनुसार, पिछले आठ महीनों से मोहम्मदी तीव्र पीठ और घुटने के दर्द से पीड़ित थीं, जिसमें हर्नियेटेड स्पाइनल डिस्क भी शामिल थी। उन्होंने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि चिकित्सा देखभाल से इन्कार जेल के अंदर मोहम्मदी को दंडित करने और चुप कराने के लिए किया गया था। ये रिपोर्ट उसके स्वास्थ्य और शारीरिक कल्याण के अधिकार के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा करती हैं। यूएन विशेषज्ञों के पैनल ने मानवाधिकार रक्षकों और ईरानी हिरासत सुविधाओं में अन्य सभी व्यक्तियों की तत्काल रिहाई के लिए अपने आह्वान को दोहराया, जिन्हें वर्तमान में मनमाने ढंग से रखा जा रहा है।

## दुनिया की सबसे उम्रदराज इंसान मारिया ब्रान्यास का 117 साल की उम्र में स्पेन में निधन

**मैड्रिड, एजेंसी।** दुनिया की सबसे बुजुर्ग व्यक्ति मानी जाने वाली मारिया ब्रान्यास का 117 वर्ष 168 दिन की आयु में निधन हो गया है। उनके परिवार ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। जनवरी 2023 में फ्रांसीसी नन लुसिल रैंडन की मृत्यु के बाद वह दुनिया की सबसे बुजुर्ग इंसान बनी थीं। उनके परिवार ने कहा कि उनका उत्तर-पूर्वी स्पेन के ओलोट शहर में एक घर में नींद में शांति से निधन हुआ, वैसे ही जैसे वह चाहती थीं, शांत और बिना किसी दर्द के। परिवार ने कुछ दिन पहले के ब्रान्यास के कुछ अंतिम शब्द भी साझा किये हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने कहा था, एक दिन, जिसे मैं अभी भी नहीं जानती, लेकिन जो बहुत करीब है, यह लंबी यात्रा समाप्त हो जाएगी। इतने लंबे समय तक जीने के बाद मृत्यु मुझे थका हुआ पाएगी, लेकिन मैं चाहती हूं कि वह मुझे मुस्कुराते हुए, स्वतंत्र और संतुष्ट पाए। रोना मत, मुझे आंसू पसंद नहीं हैं और सबसे बढ़कर मेरे लिए दुखी मत होना, क्योंकि तुम मुझे जानते हो, मैं जहां भी जाऊंगी खुश रहूंगी, क्योंकि मैं किसी न किसी तरह से तुम्हें अपने साथ रखूंगी। एक पत्रकार की बेटी मारिया ब्रान्यास का जन्म 4 मार्च 1907 को अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में हुआ था। वह 1914 में स्पेन लौट आईं।

# नहीं कम हो रही इमरान खान और बुशरा बीबी की मुश्किलें, तीसरे तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में केस दर्ज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के भ्रष्टाचार निरोधक निगरानी संस्था ने मंगलवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ तोशाखाना भ्रष्टाचार का एक नया मामला दर्ज किया। यह तोशाखाना भ्रष्टाचार केस में तीसरा मामला है, जिसमें पहला मामला पाकिस्तान के चुनाव आयोग की तरफ से इमरान खान के खिलाफ दर्ज किया गया था, जबकि दूसरा मामला एनएबी की तरफ इमरान खान और बुशरा बीबी के खिलाफ दर्ज किया गया था। एनएबी की तरफ की गई जांच पर आधारित है तोशाखाना भ्रष्टाचार तोशाखाना भ्रष्टाचार का नया मामला राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) की तरफ की गई जांच पर आधारित है, जिसमें राज्य के भंडार से आभूषण की खरीद में नियमों के कथित उल्लंघन के बारे में बताया गया है, जहां सभी उपहार संग्रहित किए जाते हैं, जिन्हें विदेश यात्राओं के दौरान शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व को प्रस्तुत किया जाता है।

**वलपिंडी की अदियाला जेल में बंद है इमरान खान :** एनएबी की ओर से, इसके जांच अधिकारी मोहसिन हारून और केस अधिकारी वकार हसन ने मामले के दस्तावेज यहां एक जवाबदेही अदालत में प्रस्तुत किए। इससे पहले, एनएबी ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में मामले में पूर्व प्रथम दंपत्ति की जांच की थी, जहां वे पिछले साल से कैद हैं। वे अपने कार्यकाल के दौरान विदेशी गणमान्य व्यक्तियों से प्राप्त उपहारों के कथित दुरुपयोग के लिए जांच के दायरे में हैं।



**5 अगस्त, 2023 को दोषी ठहराए गए थे इमरान खान :** एनएबी के आरोपों के अनुसार, इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी पर तोशाखाना से 75 मिलियन रुपये मूल्य का एक आभूषण सेट खरीदने और नियमों का उल्लंघन करके इसे बेचने का आरोप है। इमरान खन को 5 अगस्त, 2023 को दोषी ठहराया गया और गिरफ्तार किया गया, लेकिन बाद में उनकी सजा निलंबित कर दी गई और उन्हें जमानत दे दी गई।

**दूसरे मामले में 31 जनवरी को दोषी ठहराए थी इमरान-बुशरा :** वहीं दूसरे मामले में, इस्लामाबाद की जवाबदेही अदालत ने 31 जनवरी को इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को मामूली कीमत चुकाने के बाद तोशाखाना से महंगे आभूषण रखने के मामले में दोषी ठहराया था। हालांकि, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने अप्रैल में उनकी सजा को निलंबित कर दिया था।

# फेयरवेल पार्टी में इमोशनल हुए जो बाइडेन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का सोमवार को फेयरवेल कार्यक्रम था, जिसमें भावुकतापूर्ण माहौल हो गया। थैंक यू जो, वी लव यू... के नारे लगते रहे। डेमोक्रेटिक पार्टी के हजारों लोग मौजूद थे और सभी ने जो बाइडेन के सम्मान में खड़े होकर विदाई दी। शिकागो में सोमवार रात को डेमोक्रेटिक पार्टी का नेशनल कन्वेंशन था, जिसमें जो बाइडेन के लिए फेयरवेल का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी ने राष्ट्रपति के तौर पर जो बाइडेन की सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया। खासतौर पर पार्टी के तमाम नेताओं ने राष्ट्रपति पद की रेस से पीछे हटने के लिए उनकी सराहना की।



जो बाइडेन एक डिबेट में लगभग सो गए थे। इसके अलावा वह बीमार रह रहे थे। उन्होंने अपनी बढ़ती उम्र का हवाला देते हुए अंत में खुद को राष्ट्रपति पद की रेस से पीछे खींच लिया था और कमला हैरिस का नाम आगे बढ़ाया था। अब डोनाल्ड ट्रंप के मुकाबले डेमोक्रेटिक पार्टी से कमला हैरिस ही उम्मीदवार हैं। जो बाइडेन की फेयरवेल पार्टी में कमला हैरिस भी भावुक दिखीं। वहीं जो बाइडेन की तो आंखों से आंसू बहते दिखे। जो बाइडेन ने विदाई भाषण में अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई तो वहीं डोनाल्ड ट्रंप की जीत होने की स्थिति में लोकतंत्र को लेकर चिंता जताई।

उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि स्थिति विपरीत है, जब एक राष्ट्रपति जा रहा है और यह डेमोक्रेटिक पार्टी में पीढ़ीगत बदलाव का दौर है। जो बाइडेन ने कहा, यह मेरे लिए पूरी जिंदगी सम्मान की बात रहेगी कि मैंने राष्ट्रपति के तौर पर काम किया। मैंने अपने काम से प्यार किया है, लेकिन देश से उससे भी ज्यादा प्यार करता हूं। मैं अपने देश को बहुत प्यार करता हूं। यही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति पद की रेस से हटते हुए मेरे मन में कोई गुस्सा या मलाल नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसी सारी खबरें गलत हैं, जिसमें कहा जा रहा है कि मैं उन लोगों से नाराज हूं जिन्होंने मुझे हटने के लिए कहा। जो बाइडेन ने कहा कि मैं इस बात के लिए आभारी हूं कि मुझे मौका दिया गया। मुझसे कुछ गलतियां भी हुई हैं, लेकिन पूरी मेहनत की है। मैंने बीते 50 सालों से देश की राजनीतिक व्यवस्था में काम किया। वहीं कमला हैरिस की जमकर तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि यह मेरा सही फैसला था। वह अनुभवी और कठिन फैसले लेने वाली हैं। उनकी कहानी अमेरिका की कहानी का प्रतिनिधित्व करती है।

## पूर्व राष्ट्रपति ने ईस्टर बम विस्फोट पीड़ितों को दिया 10 करोड़ का मुआवजा, सुप्रीम कोर्ट का था आदेश

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना ने साल 2019 के ईस्टर बम विस्फोट के पीड़ितों के लिए 10 करोड़ श्रीलंकाई रुपये का मुआवजा दिया है। ईस्टर बम विस्फोट कांड में 270 लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में 11 भारतीय भी शामिल थे। जिस वक्त बम धमाके हुए, उस वक्त सिरिसेना ही श्रीलंका के राष्ट्रपति थे। सिरिसेना पर आरोप है कि हमले से पहले ही सिरिसेना को आतंकी हमले की विश्वसनीय सूचना मिली थी, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने हमले को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। सुप्रीम कोर्ट ने दिया था मुआवजा देने का आदेश बीते दिनों श्रीलंका के सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि सिरिसेना अपनी लापवाही के लिए बतौर मुआवजा पीड़ितों को 10 करोड़ श्रीलंकाई रुपये का भुगतान करेंगे। अब सिरिसेना के वकील ने कोर्ट को बताया कि बीती 16 अगस्त को 10 करोड़ रुपये की पूरी पेमेंट कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि साल 2019 में ईस्टर के मौके पर एक कट्टरपंथी इस्लामिक संगठन से जुड़े 9 आत्मघाती हमलावरों ने श्रीलंका के कैथोलिक चर्चों और होटल्स में खुद को विस्फोट से उड़ा लिया था। जांच में इस हमले के पीछे आईएसआईएस से जुड़े नेशनल तौहीद जमात का नाम सामने आया था। इन हमलों में 270 लोगों की मौत हुई थी और 500 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। हमला रोकने में नाकाम रहने के लगे थे आरोप बम विस्फोट के बाद तत्कालीन राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना और तत्कालीन प्रधानमंत्री रानिल विक्रमासिंघे आलोचकों के निशाने पर आ गए थे और उनकी सरकार पर अक्षमता के आरोप लगे। उन पर खुफिया जानकारी होने के बावजूद हमले न रोक पाने का आरोप लगा। सिरिसेना ने एक हमलों के बाद एक समिति का गठन कर हमलों की वजह पता लगाने की जिम्मेदारी दी थी, लेकिन उस समिति ने सिरिसेना को ही हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराया। इसके खिलाफ कोर्ट में याचिका दायर हुई और कोर्ट ने अपने आदेश में सिरिसेना को पीड़ितों को मुआवजा देने का आदेश दिया। सिरिसेना ने जुलाई के मध्य में अदालत को बताया कि वह पीड़ितों को 5.8 करोड़ श्रीलंकाई रुपये का भुगतान कर चुके हैं और उन्होंने बाकी के 4.2 करोड़ रुपये के भुगतान के लिए छह महीने का वक्त मांगा था।



# ट्रंप अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सत्ता पाना चाहते हैं, ओबामा का पूर्व राष्ट्रपति पर बड़ा हमला

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के शिकागो में डेमोक्रेटिक पार्टी का नेशनल कन्वेंशन (डीएनसी) चल रहा है। इस कन्वेंशन के दौरान पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा ने भी संबोधित किया। इस दौरान मिशेल ओबामा ने ट्रंप पर तीखा हमला बोला और कमला हैरिस का जोरदार समर्थन किया। मिशेल ओबामा ने कहा कि अमेरिकी होने का मतलब क्या है, इस पर किसी का एकाधिकार नहीं है। मिशेल ओबामा ने कहा कि कमला हैरिस अब तक की सबसे शिक्षित राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैं।

**बराक ओबामा ने क्या कहा :** डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन के दौरान अपने संबोधन में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने डोनाल्ड ट्रंप को आड़े हाथों लिया। ओबामा ने कहा कि ट्रंप सत्ता को अपने उद्देश्यों की पूर्ति के साधन से ज्यादा कुछ नहीं मानते। हम नहीं चाहते कि ट्रंप जीतें और फिर से अराजकता के चार साल देखने को मिलें। हमने अक्सर फिल्मों में भी देखा है कि सीक्वल फिल्में ज्यादातर खराब होती हैं। ओबामा ने कहा कि नवंबर में होने वाला चुनाव एक करीबी लड़ाई होगी और हमें लापरवाह नहीं होना चाहिए क्योंकि देश बंटा हुआ है और काफी अमेरिकी लोग अभी भी सरकार से नाराज हैं। ओबामा ने कमला हैरिस और उप-राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार टिम वाल्ज की तारीफ की। जो बाइडन की तारीफ करते हुए बराक ओबामा ने कहा कि यह देश उन्हें एक शानदार राष्ट्रपति के तौर पर याद रखेगा, जिसने एक बड़े खतरे के समय लोकतंत्र को बचाया।



**बाइडन ने कमला हैरिस को बताया भविष्य :** राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन को संबोधित किया। इस दौरान कन्वेंशन में मौजूद लोगों ने खड़े होकर बाइडन का अभिवादन किया। बाइडन ने कहा कि अमेरिका में राजनीतिक हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। आप जब जीतते हैं तभी ये नहीं कह सकते कि आप आपने देश को प्यार करते हैं। लोकतंत्र को बचाया जाना चाहिए। लोकतंत्र ने ही हमें ये सबकुछ दिया है और हमें इसे बचाने की जरूरत है। बाइडन ने पार्टी समर्थकों से पूछा कि क्या आप आजादी के लिए वोट करने के लिए तैयार हैं? बाइडन ने ये भी कहा कि डोनाल्ड ट्रंप को आगामी चुनाव में महिलाओं की ताकत का पता चलेगा। जब वह (डोनाल्ड ट्रंप) ये कहते हैं कि हमारा देश असफल हो रहा है, हम हार रहे हैं तो असल में वह खुद हारे हुए हैं। वह पूरी तरह से गलत हैं। बाइडन ने कमला हैरिस की तारीफ की और उन्हें भविष्य की नेता बताया।

**बर्नी सैंडर्स ने कामकाजी वर्ग को लुभाया**

सीनेटर बर्नी सैंडर्स ने मंगलवार को डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका के लोगों से देश के अगले राष्ट्रपति के रूप में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को चुनने का आग्रह किया। अपने संबोधन में सैंडर्स ने कामकाजी वर्ग को लुभाने और बड़े पैमाने पर कॉर्पोरेट कंपनियों पर नकेस कसने की बात कही। सैंडर्स ने कहा कि हमें एक ऐसी अर्थव्यवस्था की आवश्यकता है जो हम सभी के लिए काम करे, न कि केवल अरबपति वर्ग के लिए। हमारे 60 प्रतिशत लोग नौकरीपेशा हैं। ये कुलीन वर्ग हमें बताते हैं कि हमें अमीरों पर कर नहीं लगाना चाहिए; हमें मूल्य वृद्धि नहीं करनी चाहिए; हमें सामाजिक सुरक्षा का विस्तार नहीं करना चाहिए; और हमें संघर्षरत वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा लाभ नहीं बढ़ाना चाहिए, लेकिन हम ठीक यही करने जा रहे हैं।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, गुरूवार 22 अगस्त 2024 | 8


**शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज खन्ना चौराहा पर अतिक्रमण को लेकर कार्यवाही की गई।**



### मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की राजस्व महाअभियान की समीक्षा

## सड़कों से गौवंश हटाने के लिए तत्परता से कार्यवाही करें : मुख्य सचिव




**रीवा।** प्रदेश की मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को राजस्व महाअभियान के संबंध में निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्व महाअभियान में पूरे प्रदेश में अच्छा कार्य हो रहा है। अभियान के दौरान अब तक नामांतरण के एक लाख 916 तथा नक्शा तरमीम के 26 लाख 19 हजार 112 प्रकरण निराकृत किए गए हैं। कलेक्टर अभियान की सतत समीक्षा करके लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण कराएं। नामांतरण तथा अभिलेख में सुधार के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। नक्शा तरमीम के प्रकरणों के लिए विशेष प्रयास करें। नामांतरण के नए प्रकरणों में नक्शा तरमीम तत्काल करा दें। किसान सम्मान निधि के ई केवाईसी से जुड़े सभी प्रकरणों का भी 31 अगस्त तक अनिवार्य रूप से निराकरण कराएं। जिन जिलों में प्रगति कम है वहाँ के कलेक्टर विशेष ध्यान दें। मुख्य सचिव ने राजस्व महाअभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों को बधाई दी।

मुख्य सचिव ने कहा कि निराश्रित गौवंश को सड़कों से हटाने के लिए तत्परता से कार्यवाही करें। विभिन्न विभाग मिलकर इसके लिए प्रयास करें। निराश्रित पशुओं को गौशाला में भेजने के साथ-साथ हाईवे के किनारे अस्थाई बाड़े बनाकर उनमें भी इन्हें रखने की व्यवस्था करें। सड़कों में विचरण करने वाले पशु कई बार बड़ी दुर्घटना का कारण बन जाते हैं इससे जान-माल का नुकसान होने के साथ पशुओं की भी मौत होती है। जन सामान्य की सुरक्षा और पशुओं की सुरक्षा दोनों के लिए सड़कों से पशुओं को हटाना आवश्यक है। पशुओं के दुर्घटना का शिकार होने पर उनके उपचार की समुचित व्यवस्था करें। शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतें पशुओं को खुला छोड़ने वालों पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही कर सकती हैं।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग से मुख्य सचिव ने जनमन योजना में शामिल 24 जिलों में आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने मंकी पॉक्स रोग से बचाव के लिए आवश्यक उपाय के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि बाढ़ अथवा अतिवृष्टि से फसलों एवं जन-धन की हानि होने पर तत्काल सर्वे कराएं। प्राकृतिक आपदा के प्रकरण तैयार कर तत्काल राहत राशि वितरित कराएं। कलेक्ट्रेट एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर श्रेयश गोखले, उप संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा तथा जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे उपस्थित रहे।

## सांसद के प्रयासों से रीवा नगर निगम क्षेत्र में 14 निर्माण कार्य मंजूर

रीवा

सांसद श्री जनार्दन मिश्र के विशेष प्रयासों से रीवा नगर निगम क्षेत्र में 14 निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इसके लिए कुल 19 करोड़ रुपए की राशि प्रस्तावित की गई है। शासन द्वारा सड़क तथा नाली निर्माण के लिए कायाकल्प अभियान-2 के तहत इसे मंजूरी प्रदान कर दी गई है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि स्वीकृत सभी 14 कार्यों के टेण्डर की कार्यवाही पूरी हो गई है। सभी का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाएगा। इन कार्यों में 20.13 किलोमीटर लम्बाई की सड़क और नाली निर्माण, 15.73 किलोमीटर लम्बाई की सीसी रोड निर्माण तथा 4.40 किलोमीटर लम्बाई में नाली निर्माण शामिल है। डॉ सोनवणे ने बताया कि स्वीकृत कार्यों में वार्ड क्रमांक एक में खोखम रोड से रामसिंह बरगाही के घर तक 1.5 किलोमीटर सीसी रोड, भोलेनाथ कालोनी में 1.27 किलोमीटर सीसी रोड, वार्ड क्रमांक 2 में कुशवाहा बस्ती पहुंचमार्ग में 600 मीटर सीसी रोड तथा नाली निर्माण का कार्य शामिल है। वार्ड क्रमांक तीन तमरा मेन रोड से बीहर नदी तक सीसी रोड एवं पुलिया निर्माण, वार्ड क्रमांक 4 में खैरा नई बस्ती में 650 मीटर सीसी रोड तथा नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 4 में शांति विहार कालोनी में पानी की टंकी के पास से मनोहर चौधरी के घर तक 1.13 किलोमीटर सीसी रोड निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 4 में हरिजन खोखम बस्ती में 3.5 किलोमीटर सीसी रोड का निर्माण शामिल है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 9 में रीवा-सिरमौर सड़क से ईव्हीएम गोदाम होते हुए सत्यम एकेडमी तक 730 मीटर सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 15 में प्रदीप पाण्डेय के घर से दीप सिंह के घर तक एक किलोमीटर सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 26 में श्रीमती शकुंतला वाजपेयी के घर से श्री राजेन्द्र सेन के घर तक 1.35 किलोमीटर सीसी रोड तथा नाली निर्माण का कार्य शामिल है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 26 में डिवाइन मदर स्कूल से श्रीमती अंजू मिश्रा के घर तक एक किलोमीटर सीसी रोड तथा नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 26 में श्रवण कुमारी स्कूल मोड़ से शारदापुरम को जोड़ने वाली सड़क तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 43 में मिश्रा आटा चक्की से प्रधानमंत्री आवास कालोनी तक 1.06 किलोमीटर सीसी रोड निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 45 में बद्री प्रसाद कुशवाहा के घर से गोविंदगढ़ मेन रोड तक 550 मीटर सीसी रोड का निर्माण शामिल है।

## वृद्धाश्रम में विशेष स्वास्थ्य शिविर एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन




**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में वृद्धाश्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्री आशीर्वाद भिलाला, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री अंजली अग्रवाल एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा ने वृद्धजनों को विधिक जानकारी दी। वृद्धजनों का चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं दवाइयाँ भी वितरित की गई। शिविर में रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन प्रभाकर चतुर्वेदी, सचिव रेडक्रास एस.के. श्रीवास्तव, श्रीमती भारती शर्मा, राघवेन्द्र सिंह, डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, डॉ. रॉविन गोयल, डॉ. भागवत यादव, डॉ. ललन सिंह, डॉ. सुनील मनोहर सिंह, सहायक चिकित्सक रमेश साकेत एवं वृद्धजन उपस्थित रहे।

### निराश्रित मवेशियों के नियंत्रण के संबंध में बैठक आज

**रीवा।** जिले के प्रमुख मार्गों में विशेष अभियान चलाकर आगामी 15 दिनों में निराश्रित मवेशियों को हटाया जायेगा। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन श्रीमी प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में तत्संबंध में बैठक का आयोजन 22 अगस्त को अपरान्ह 2.30 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में किया गया है। संबंधितों को बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

## सांसद के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में 37 निर्माण कार्य मंजूर

### जिले में स्टेट फण्ड से 37 कार्यों के लिए क्षेत्र विकास निधि से 16.83 करोड़ रुपए मंजूर

**रीवा।** सांसद श्री जनार्दन मिश्र के विशेष प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में 37 निर्माण कार्य मंजूर किए गए हैं। इनके लिए क्षेत्र विकास निधि के स्टेट फण्ड से 16 करोड़ 83 लाख 23 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है। इन कार्यों में विकासखण्ड रीवा में एक, रायपुर कर्चुलियान में एक सिरमौर में 13 तथा गंगेव में 22 निर्माण कार्य शामिल हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि विकासखण्ड रीवा में रीवा बजरंगपुर डीही नैकिन रोड में सड़क निर्माण तथा रायपुर कर्चुलियान में इटौरा में परशुराम आश्रम में सीसी रोड, नाली निम्रण तथा पेवर ब्लॉक चबूतरा का निर्माण कार्य शामिल है। डॉ सोनवणे ने बताया कि सिरमौर विकासखण्ड में ग्राम जुड़वानी से भलुहा आदिवासी बस्ती तक ग्रेवल रोड निर्माण, बनकुइयाँ-पटेहरा रोड में कुशवाहा मार्ग तक ग्रेवल रोड निर्माण, जदुआ सेमरिया से भटिया आदिवासी बस्ती तक ग्रेवल रोड निर्माण एवं ग्राम पंचायत थनवरिया में लल्लू कोल के घर से भटहा तालाब तक सड़क निर्माण शामिल है। इसी विकासखण्ड में ग्राम पंचायत झिरिया में चौरा नहर की पटरी से खैर-लभौली तक ग्रेवल रोड निर्माण, ग्राम खड्डा में मुख्य सड़क से पैपखरा टोला में भीमसेन पाण्डेय के घर तक ग्रेवल रोड निर्माण तथा हर्दीकला में बस्ती से हर्दीखुर्द सड़क तक ग्रेवल रोड निर्माण शामिल है। सिरमौर विकासखण्ड में ही पटना में शिवघाट से अमरकक्ष तक तीन किलोमीटर जीएसबी रोड, मटीमा में प्रधानमंत्री सड़क से बजरहा टोला तक तीन किलोमीटर तक जीएसबी रोड, शुकवार-मऊ रोड में प्रधानमंत्री सड़क का 700 मीटर डामरीकरण, अधिवक्ता संघ सिरमौर के उपयोग के लिए न्यायालय परिसर में भवन निर्माण, मुख्य मार्ग से कबरा बस्ती तक बीटी रोड निर्माण तथा बगढा पिढ़िहा से गुहिया हिनौता तक 2.5 किलोमीटर जीएसबी रोड निर्माण शामिल है।

### आहरण संवितरण अधिकारी वेतन 27 अगस्त तक करें जनरेट

**रीवा।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार शुक्ला ने जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारियों से 27 अगस्त तक वेतन देयक जनरेट करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि सभी अधिकारी निर्धारित तिथि तक अनिवार्यतः वेतन देयक जनरेट कर दें जिससे एक सितंबर को शत-प्रतिशत अधिकारियों-कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जा सके। समय पर वेतन जनरेट न करने पर माह की प्रथम तारीख को वेतन दिया जाना संभव नहीं होगा। जिन अधिकारियों, कर्मचारियों का वेतन किसी कारणवश रोका गया है, उन्हें छोड़कर शेष सभी के वेतन देयक जनरेट कर दें।

## साधारण किसान का बेटा श्रीमद् भागवत कथा करने जायेगें कनाडा

**रीवा।** रीवा शहर के नजदीक ग्राम अमबा में जन्मे आशीषाचार्य जी महराज ने अध्यात्म के मार्ग पर कैरियर बनाने के साथ ही ईश्वर से भी जुड़े हैं। युवाओं का वड़ा वर्ग तकनीकी क्षेत्र में कैरियर बनाना चाह रहा है ऐसे में किसी गांव का युवा इसके विपरीत अध्यात्म में ही सारी संभावनायें तलासे यह जरूर सुनने में अटपटा लगता है लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति के सहारे सफलता हांसिल कर औरों के लिए प्रेरणा बनने का काम जिले का एक नौजवान ने किया है। एक साधारण किसान अरविन्द शुक्ल, माता श्रीमती शशि प्रभा शुक्ल के यहां 1993 में जन्मे आशीषाचार्य ने परिजनों से इच्छा जाहिर की थी कि अध्यात्म के क्षेत्र में ही कैरियर बनाना है, परिजनों ने 13 वर्ष की आयु में वृन्दावन मथुरा में स्वामी श्री अनन्ताचार्य जी महराज के आश्रम दाखिला कराया जहां से मध्यमा, शास्त्रीय, आचार्य कुछ वर्षो के बाद ही आशीषाचार्य ने भागवत कथा का वाचन शुरू कर दिया, अब उन्हे लोग एक अच्छे कथावाचक आशीषचार्य महराज वृन्दावन उपासक के नाम से जानते हैं। पढ़ाई के बाद रीवा लौटे करीब पांच वर्ष पहले कथावचन की शुरुआत की थी आज वह जिले के वाहर अच्छे कथावाचको में भी गिने जाते हैं उसी का परिणाम है कि आशीषाचार्य महराज पहली वार अक्टूबर माह में अपने साथियों के साथ विदेश यात्रा कनाडा में कथावाचन के लिए जायेगें। गौरतलब है कि उनके कथावाचन का आस्था चैनल, यूट्यूब चैनल सहित अन्य धार्मिक चैनलो में सीधा प्रसारण होता है। दिल्ली, राजस्थान, तमिलनाडू, उत्तरप्रदेश, पंजाब आदि राज्यों के कई बड़े शहरो में श्रीमद् भागवत कथा का वाचन कर चुके हैं। आशीषाचार्य कई बार सम्मानित भी हो चुके हैं जिसमें केन्द्रीय जेल रीवा, केन्द्रीय जल सतना, नारायण सेवा संस्थान उदयपुर प्रमुख है। आशीषाचार्य अपने गुरू जी से भी सम्मानित हो चुके हैं। उन्होने युवाओं को अध्यात्म से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि जीवन की भाग दौड़ में हर कोई धार्मिक और अध्यात्मिक विषयों के बारे में जानना चाहता है ऐसे मे युवा इसके लिए सामने नहीं आयेगे तो आगे की पीढ़ी को इसकी जानकारी होना मुश्किल हो जायेगी। उन्होने कहा कि धार्मिक आयोजनों में लोगों की उमड़ने वाली भीड़ और अध्यात्म के प्रति आस्था को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि लोगों को कितनी अपेक्षाये हैं स्वयं के साथ समाज को भी संवारने का अवसर मिलता है।

## वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ दर्शन कराने 14 सितम्बर से शुरू होंगी ट्रेनें

### काशी, अयोध्या, द्वारका, रामेश्वरम जैसे तीर्थ स्थलों का मिलेगा लाभ

रीवा

मध्यप्रदेश सरकार की अनूठी मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना का आगामी शयड्यूल जारी कर दिया गया है। आगामी 14 सितम्बर से 26 फरवरी 2025 तक प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न शहरों में धार्मिक यात्रा कराई जाएगी। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा तीर्थ दर्शन योजना में इस बार नागरिकों को वाराणसी (काशी), रामेश्वरम, मथुरा-वृंदावन, कामाख्या, अमृतसर, अयोध्या, द्वारका, जगन्नाथपुरी, शिर्डी और नागपुर जैसे धार्मिक स्थल निर्धारित किये गये हैं। उक्त अवधि में 15 हजार से ज्यादा तीर्थ यात्री विभिन्न तीर्थ-स्थलों की यात्रा करेंगे। योजना का लाभ प्रदेश के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो आयकरदाता नहीं है और 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के हैं। योजना का लाभ ले सकेंगे। महिला तीर्थ-यात्रियों के मामले में आयु वर्ग में 2 वर्ष की छूट दी गई है।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 21 नवम्बर को ट्रेन रीवा से द्वारका के लिये रवाना होगी। इसमें रीवा से 279, सतना से 300 और दमोह से 200 यात्री रवाना होगें जो 26 नवम्बर को वापस लौटेगे। दमोह से 29 नवम्बर को ट्रेन वाराणसी (काशी)-अयोध्या तीर्थ स्थल के लिये रवाना होगी। जिसमें दमोह से 279, मैहर से 200 और सतना से 300 यात्री जायेंगे। यह ट्रेन 4 दिसम्बर को लौटेगी।

योजना के तहत सतना से ट्रेन में रामेश्वरम तीर्थ स्थल के लिये 279 यात्री रवाना होगें। इसमें कटनी से 200 और जबलपुर से 300 यात्री शामिल होगें। यह ट्रेन 30 दिसम्बर को वापस लौटेगी।

## शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर ननि द्वारा की जा रही कार्यवाही



**रीवा।** शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 21.08.2024 को नगर निगम से लगे श्री आर सेल्फी पार्क के सामने एवं खन्ना चौक में फुटपाथ, ठेला दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर यातायात बाधित किया जा रहा था उक्त अतिक्रमण हटाये जाने की कार्रवाई अतिक्रमण प्रभारी द्वारा की गई। साथ ही धोबिया टंकी से बिछिया हास्पिटल तक एवं शहर के अन्य प्रमुख मार्गो पर सड़क पटरी पर किये गये अस्थाई अतिक्रमण को खाली कराया गया। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी के साथ अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

### नगरीय निकाय उप चुनाव के लिए रिटर्निंग आफीसर तैनात

**रीवा।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर निगम रीवा तथा नगर परिषद सिरमौर में रिक्त वार्ड पार्षदों के चुनाव के लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। इनमें मतदाता सूची तैयार करने तथा निर्वाचन संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने रिटर्निंग आफीसर तथा सहायक रिटर्निंग आफीसर तैनात किए हैं। जारी आदेश के अनुसार नगर निगम रीवा में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल को रिटर्निंग आफीसर तथा एसडीएम हुजूर वैशाली जैन को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। नगर परिषद सिरमौर में वार्ड क्रमांक चार के पार्षद पद के चुनाव के लिए एसडीएम आरके सिन्हा को रिटर्निंग आफीसर तथा तहसीलदार अरूण यादव को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है।

## रीवा एयरपोर्ट का उद्घाटन जल्द

### सीएम और डिप्टी सीएम करेंगे लोकार्पण, वर्चुअल जुड़ेंगे पीएम



**रीवा।** मध्य प्रदेश के रीवा में नए एयरपोर्ट का उद्घाटन सितंबर के पहले सप्ताह में होने जा रहा है। इस एयरपोर्ट से विंध्य क्षेत्र के लोगों को हवाई यात्रा की सुविधा मिलेगी।

मध्य प्रदेश के रीवा में बनकर तैयार हुए नए एयरपोर्ट का उद्घाटन जल्द ही होने जा रहा है। डिप्टी सीएम एवं लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने बताया कि इस एयरपोर्ट का लोकार्पण अगस्त के अंत या सितंबर के पहले सप्ताह में होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली जुड़ सकते हैं।

इस नए एयरपोर्ट से रीवा, सीधी, सतना, मऊगंज, सिंगरौली, शहडोल और आसपास के जिलों के लोगों को हवाई यात्रा की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद और मिर्जापुर जिलों के लोग भी इस हवाई अड्डे का उपयोग कर सकते हैं। इससे वे रीवा होकर एमपी के बड़े शहरों और अन्य राज्यों में आसानी से यात्रा कर सकेंगे। यहां से भोपाल, दिल्ली और मुंबई के लिए 72 सीटर विमान उड़ान भरेंगे। इस एयरपोर्ट को विंध्य के नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर भी विकसित किया गया है। लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा मंत्री एवं डिप्टी सीएम राजेंद्र कुमार शुक्ल ने जानकारी दी कि रीवा की हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विकसित कर लिया गया है, और उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि होंगे। शुक्ल ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। डिप्टी सीएम शुक्ल ने यह भी बताया कि इस एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके लिए अतिरिक्त 87.50 लाख रुपये की आवश्यकता थी, जो भू-अर्जन की राशि के रूप में भुगतान किया गया है। मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस राशि को मंजूरी दी गई, जिसके बाद एयरपोर्ट के चालू होने की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल इस एयरपोर्ट पर बड़े विमान नहीं उतरेंगे, लेकिन भविष्य में इसके लिए प्रयास किए जाएंगे। रीवा एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन का कुल क्षेत्रफल 750 वर्ग मीटर है। इस विस्तार परियोजना का शिलान्यास 15 फरवरी 2023 को पूर्व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया था। डेढ़ साल के अंदर ही यह परियोजना पूरी कर ली गई है, जिससे अब यह एयरपोर्ट उड़ान सेवाओं के लिए तैयार हो चुका है।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833